हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025



# कार्टून वाली पिचकारियों की मांग, रंग-गुलाल और नगाड़ों के साथ अतरंगी बाल की भी डिमांड


## 14 मार्च को मनाया जाएगा रंगों का पर्व, शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में लगी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रंगो का त्यौहार होली आगामी 14 मार्च को मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर अब चार दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में होली पर्व को देखते हुए बाजार में रंग-गुलाल, पिचकारियों की दुकानें भी सज गई है। हर साल की तरह इस बार भी दुकानदारों ने बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते कार्टून वाली पिचकारियां अधिक रखी है। इसके साथ ही कुछ नए आयटम भी बाजार में उपलब्ध है। हालांकि नगाड़ो की मांग पहले से कम हो गई है। यही कारण है कि इस बार गिनती के ही व्यापारी नगाड़ा बेचने के लिए शहर में आए हैं।

### गुलाल की मांग अधिक

लोग अब स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सजग हो गए हैं। जिसके कारण केमिकल रंगों के बजाय हर्बल रंगों और गुलाल की खरीदारी में वृद्धि हो रही है। हर्बल रंग और गुलाल विभिन्न कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिनकी कीमत 20 रुपए से लेकर 100 रुपए (प्रति 100 ग्राम) तक है। ब्रांडेड गुलाल की कीमत 200 रुपए से लेकर 800 रुपए प्रति पैक तक है। जबकि अबीर 250 रुपए से लेकर 400 रुपए प्रति पैक में उपलब्ध है।



### डोरेमोन-छोटा भीम अधिक बिक रहे

होली के लिए दुकान लगाने वाले प्रहलाद सिन्हा ने बताया कि बच्चों के लिए खास पिचकारियां बाजार में उपलब्ध है। स्पाइडर-मैन, डोरेमोन, छोटा भीम, वीर हनुमान, आयरन मैन जैसे कार्टून किरदारों वाली पिचकारियां ही बच्चों को आकर्षित कर रही है। खास बात यह है कि बच्चे इन्हें अपने स्कूल बैग की तरह कमर में बांध लेते हैं। इसके अलावा गुलाल फायरो गन भी इस बार बाजार में आई है, जिसे फायर करने पर बंदूक से गुलाल निकलता है। इसकी कीमत 200 से लेकर 600 रुपए तक है।

### थोर का हथोड़ा, मैजिक ग्लास भी उपलब्ध

होली को देखते हुए कई अनोखे उत्पाद भी बाजार में उपलब्ध है। इनमें थोर के हथोड़े वाली पिचकारी, सेल्फ सीलिंग वाटर बैलून, मैजिक ग्लास, पुष्पा वाले मुखौटे, फायर गन जैसी पिचकारियां उपलब्ध है। इसके अलावा रंग-बिरंगे नकली बाल, मुखौटे, डिजाइनर टोपियां और रंगों से भरे बैग भी बाजार में बिक रहे हैं, जो अपने अनोखे डिजाइन के कारण लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि हर साल होली का त्यौहार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। इस बार होली का त्यौहार 14 मार्च शुक्रवार को मनाया जाएगा। वहीं होली से एक दिन पहले होलिका दहन करने की परंपरा है, यानी 13 मार्च को होलिका दहन होगा। इस बार होलिका दहन की तिथि 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 35 मिनट से शुरू होगी और तिथि का समापन 14 मार्च को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर होगा। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11 बजकर 26 मिनट से शुरू होगा और 14 मार्च को रात्रि में 12 बजकर 30 मिनट पर मुहूर्त का समापन होगा।

---

### पशोपेश में फंसे संगठन ने नहीं किया नपं उपाध्यक्ष का प्रत्याशी घोषित

# भाजपा के ही दो पार्षदों ने भर दिया नामांकन

## कांग्रेस की प्रियंक जैन को 3 एवं भाजपा पार्षद रोहित को मिले 13 वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर पंचायत उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान भाजपा का अंतरकलह खुलकर देखने मिला और भाजपा के दो पार्षद ताल ठोकते नजर आए। भाजपा का एक खेमा जिसे उपाध्यक्ष बनाना चाह रहा था उसे प्रस्तावक- समर्थक भी नहीं मिले। वहीं कुछ नेताओं की चाह के विपरीत चुनाव लड़ने वाले रोहित गुप्ता ने 13 मत प्राप्त कर उपाध्यक्ष का पद हथिया लिया। उनके अपने निकटतम कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंक जैन को 3 मत से पराजित किया।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया सभागार में एसडीएम श्रीकांत कोराम की मौजूदगी में संपन्न हुई। जानकारी के अनुसार प्रत्याशी को लेकर पार्षद में सहमति बनाने के लिए रविवार रात को राजनांदगांव की एक होटल में बैठक रखी गई थी। जिसमें 10 पार्षदों ने दूसरी बार निर्वाचित रोहित गुप्ता के नाम पर सहमति जताया था। पता चला है कि बुधवार को जिला भाजपा के महामंत्री सौरभ कोठारी की मौजूदगी में पुनः बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें भी सभी पार्षद श्री गुप्ता के पक्ष में थे, किन्तु दूसरे खेमे के नेताओं ने पुरुषोत्तम साहू का नाम आगे बढ़ाया। आम सहमति नहीं बनने के बाद यह प्रयास किया जा रहा था कि श्री गुप्ता नाम निर्देशन पत्र दाखिल न कर पाए। निर्धारित समय से ठीक पहले श्री गुप्ता के समर्थक सभी पार्षद एक साथ नगर पंचायत पहुंचे और नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर दिया।



### नहीं मिला दो का साथ, फार्म रिजेक्ट

जानकारी के अनुसार पार्षदों का समर्थन नहीं मिलने के बाद भी वार्ड 14 के पार्षद पुरुषोत्तम साहू ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया, किन्तु उसमें प्रस्तावक समर्थक के हस्ताक्षर नहीं होने कारण निरस्त हो गया। श्री साहू का पर्चा खारिज होने के बाद वार्ड 4 के पार्षद रोहित गुप्ता और कांग्रेस के प्रियंक जैन मैदान में शेष थे।

### खुद को नहीं दिया वोट, भाजपा प्रत्याशी को मिले 13 वोट

उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी होने के बाद मतदान कराया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, निर्दलीय नफिसा बड़गुजर, पुरूषोत्तम साहू सहित अन्य सभी भाजपा के पार्षदों ने श्री गुप्ता के पक्ष में मतदान किया। उन्हें 13 वोट मिले। वहीं कांग्रेस के प्रियंक जैन को 3 वोट हासिल कर सके। परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा के एक खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। वहीं दूसरा खेमा मौके से गायब रहा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, रामकुमार गुप्ता, मनीष बोहरा, योगेश पटेल, नारायण साहू, मनोज हेमनानी, दिव्यांश जैन, संतोष यादव, सिद्दीक बड़गुजर, धनराज ठाकुर, नवनीत अहीर, शरद वैष्णव, अक्षय जैन, चंद्रशेखर यादव, सौरभ जैन आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# नई व्यवस्था नहीं आ रही रास पोषण आहार वितरण में दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पोषण आहार के कार्यों में आ रही दिक्कतों और अपनी पांच सूत्रीय विभिन्न मांगों को लेकर सैकड़ों की संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से केंद्रीय एवं राज्य महिला बाल विकास मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

आंगनबाड़ियों में नई व्यवस्था के तहत गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं और बच्चों को वितरित की जाने वाली पोषण आहार को लेकर हितग्राही का आधार कार्ड, मोबाईल से ओटीपी अनिवार्य कर दिया गया है। ओटीपी लोड करने के बाद ही टीएचआर प्रदान किया जाना है। जिसको लेकर समस्याएं होने का हवाला देकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं साहिकाओं ने धरना प्रदर्शन किया।



### ओटीपी नहीं बता रहे

अपने प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत पोषण आहार वितरण के लिए हितग्राहियों से ओटीपी मांगा जाता है। हितग्राही ओटीपी बताने से मना करते हैं। वहीं कुछ हितग्राही के पास मोबाइल नहीं होता है, अधिकांश हितग्राही मोबाइल लेकर नहीं आते है। वहीं कई स्थानों में सर्वर और इंटरनेट की समस्या रहती है। जिसकी वजह से टीएचआर वितरण प्रभावित हो रहा है।

### नए मोबाइल फोन देने की मांग

अपने प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो मोबाइल लगभग 4 साल पहले उन्हें प्रदान किया गया है, उसमें यह कार्य करना संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने शासन, प्रशासन से 5 जीबी की रैम वाले नए मोबाइल फोन दिए जाने और मोबाइल रिचार्ज के लिए प्रति माह 500 रुपए स्वीकृत किए जाने मांग की है।

**पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग :** पोषण ट्रेकर पर फोटो कैप्चर से पोषाहार वितरण में आ रही परेशानियों की वजह से अपने प्रदर्शन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण आहार वितरण की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

# पानी को लेकर प्रदर्शन, आयुक्त दफ्तर के बाहर फोड़े मटके, नगाड़ा बजाकर जगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम में शपथ ग्रहण करने के बाद कांग्रेस के पार्षदों ने शहर में व्याप्त पेयजल की समस्या को लेकर आज नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान नवनिर्वाचित पार्षद खाली मटके लेकर निगम पहुंचे और आयुक्त कार्यालय के सामने बैठकर जमकर नगाडा बजाया। वहीं मटके फोड़कर विरोध प्रदर्शन किया।

शहर के शिवनाथ नदी स्थित मोहारा एनीकट में पर्याप्त पानी नहीं होने के चलते शहर के लोगों को एक टाइम ही पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में शहर के लगभग सभी वार्ड जल संकट से जूझ रहे हैं। वहीं रेलवे पटरी पार के वार्डों में यह समस्या ज्यादा है। जिसके चलते पटरी पार के नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों ने प्रदर्शन किया।

पेयजल के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिलने के चलते आक्रोश जताते पार्षद और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने यहां आयुक्त कार्यालय के बाहर मटके फोड़कर विरोध जताया। वहीं नगाड़ा बजाते पेयजल संकट को लेकर अपनी बात निगम प्रशासन तक पहुंचाई।



### पेयजल का भी संकट

शहर के गौरीनगर, स्टेशनपारा क्षेत्र में पहले ही जल संकट बना हुआ था। वहीं अब नगर निगम द्वारा एक समय पानी देने के चलते यह समस्या विकराल हो गई है। जिसकी वजह से यहां पेयजल की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है, जिसे देखते हुए इस क्षेत्र के कांग्रेस पार्षदों और कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों द्वारा प्रदर्शन किया गया है।

### निगम प्रशासन के खिलाफ आंदोलन

नवागांव, मोतीपुर, रामनगर, शांतिनगर, चिखली, शंकरपुर, स्टेशनपारा, गौरीनगर सहित लगभग 13 वार्ड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम में पहुंचकर पानी नहीं मिलने की समस्या के चलते निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की।

### घेराव कर किया प्रदर्शन

उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली, वरिष्ठ पार्षद हफीज खान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, पार्षद राजा तिवारी, अमित चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता रैली के शक्ल में नगर निगम कार्यालय पहुंचे और यहां आयुक्त दफ्तर के बाहर बैठकर पेयजल की समस्या को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

### आंदोलन की चेतावनी

पेयजल समस्या को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने कहा कि पटरी पार के 1 से 13 वार्डों में पानी की समस्या है। हम अपने प्रदर्शन के माध्यम से निगम प्रशासन को जगाने का प्रयास कर रहे हैं, व्यवस्था नहीं सुधरी तो आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन को गर्मी से पहले पानी की व्यवस्था करनी चाहिए थी।

**जमीन बेचना**

फसल सहित **कुल 42 एकड़ खेत** एक जगहों पर बिकाऊ है ग्राम कुंआ तहसील नवांगाढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.) कीमत **21 लाख रू. प्रति एकड़**

कृपया खरीददार ही सम्पर्क करें, कृपया दलाल सम्पर्क ना करें.....

प्रधान मंत्री मेन रोड से लगा हुआ ग्रामीण **सड़क' - 15 एकड़ में गन्ना, 15 एकड़ में मुसम्मनी, 12 एकड़** में मक्का चारों तरफ खम्बा तार से घीरा हुआ है, सुविधायें - **04 ट्यूबवेल** से खेत के नीचे अंडरग्राउंड सिंचाई पानी हेतु पाईप लाईन लगा हुआ है।

**- सम्पर्क सूत्र -**
**जय श्री महाकाल प्रापर्टी डिलिंग कार्यालय पंडीत चौक कुण्डा रोड सेतगंगा-तालम जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**मो. नं. - 9238210014**

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### बुजुर्गों के साथ शेयर की खुशियां

**डोंगरगांव।** आल इंडिया लीनेस क्लब की महिलाओ ने बीते दिनों राजनांदगांव में संचालित वृद्धाश्रम जाकर वरिष्ठ नागरिकों के साथ अपने पल बिताया। लंबे समय से एकाकी जीवन जी रहे इन वरिष्ठ नागरिकों को महिलाओं ने होली के पूर्व रंग गुलाल लगाकर खीर पुड़ी खिलाया। महिलाओं ने इस दौरान उनके अनुभव को सुना और हमेशा खुश, स्वस्थ्य रहने प्ररित किया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष सारिका जैन, सचिव ममता शुक्ला, कोषाध्यक्ष ज्योति जैन, प्रिया गुप्ता, पिंकी गुप्ता, विभा चौबे, रूचि गुप्ता, किरण जैन आदि मौजूद थी।

### फाग गायन स्पर्धा 11 से लिटिया में

**लिटिया।** ग्राम में मनमोहना फाग उत्सत्स समिति और ग्रामीणों के सहयोग से 11 और 12 मार्च को फाग गायन और झांकी प्रतियोगिता रखा गया है। आयोजन समिति के भुवनलाल ने बताया कि स्पर्धा के झांकी वर्ग में विजेताओं को क्रमशः 5001, 4001, 3001, 2001, 1001, रचना वर्ग में 4001, 3001, 2501, 1501, 1001 रूपए दिया जाएगा। इसके अलावा श्रेष्ठ राधा कृष्ण, गायन, वादन, रचना, झांकी और नृत्य के लिए 201 रूपए दिया जाएगा।

### उत्कृष्ट महिलाओं का सम्मान



**सोमनी।** स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा में महिला दिवस के मौके पर विभिन्न आयोजन किए गए। इस मौके पर हॉस्पिटालिटी ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा ने उत्कर्ष्ट कार्य करने महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि महेंद्र मरकाम, विशेष अतिथि सुशील साहू थे। अध्यक्षता सुभाष डोंगरे ने की।कार्यक्रम में यूथ ट्रेनर आयुषी ठाकुर, वार्डन काउंसलर हिरमत साहू, ईडीपी मेंटर चांदनी साहू, मेंटर धनेश्वरी टेम्भुलकर को सम्मानित किया गया। प्रथम हॉस्पिटालिटी प्रशिक्षण केंद्र अंजोरा की 30 छात्राओं के 6 समूह ने पेंटिंग बनाया। केंद्र प्रमुख सुभाष डोंगरे ने छात्राओं को मार्गदर्शन किया। संचालन धनेश्वर साहू ने किया। इस दौरान मुरारीलाल साहू, चांदनी साहू, धनेश्वरी, सुभाष डोंगरे, धनेश्वर साहू तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों ने लिया नगर और लोगों के विकास का संकल्प

# नगर पंचायत की पहली कार्यकारिणी में ली शपथ




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत से नगर पंचायत का दर्जा हासिल करने वाले लाल बहादुर नगर में नव निर्वाचित अध्यक्ष सहित 15 पार्षदों ने सोमवार को शपथ ग्रहण किया।

मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा थे। अध्यक्षता जिला भाजपा के अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत ने की। विशेष अतिथि महापौर मधुसुदन यादव, जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व विधायक खेदुराम साहू थे।

### देवी देवताओं को किया नमन

पदभार ग्रहण करने के पहले अध्यक्ष देवेन्द्र साहू ने ग्राम के प्रचीन देवी देवताओं के मंदिर में जाकर नमन किया और जयकारा लगाते हुए शपथ लिया। उन्होंने बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने और प्राथमिकता के साथ विकास करने का वादा किया। इस मौके पर अतिथियों को नगर पंचायत ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। नपं अधिकारी ने नगर पंचायत भवन की चाबी को अध्यक्ष देवेन्द्र साहू को सौंपा।

### नहीं दिखे कांग्रेसी

शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा नेताओं का वर्चस्व देखने मिला। वहीं कार्यक्रम में कांग्रेसियों की मौजूदगी नगण्य रही। इस दौरान सीएमओ वैनिश दुबे, तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु, नायब तहसीलदार राजेश नेताम, नपं अधिकारी विनोद वर्मा आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू सहित पार्षद रूपचंद रजक, रमेश यादव, मोरध्वज साहू, सरस्वती ढीमर, योगेश साहू, निकीता ताम्रकर, राजेश देवदास, छबिल साहू, टिकेश्वर साहू, प्रीति ताम्रकर, गोलू खोब्रागडे, उषा यदु, मृगलाल साहू, राणू साहू, रामजी साहू को अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने शपथ ग्रहण कराया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

### विकास पर जोर

इस मौके पर अतिथियों ने जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप विकास करने प्रेरित किया। जनप्रतिनिधियों को एक साथ चलकर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्तियों तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम में मंडल भाजपा अध्यक्ष मनोज कांडे, मूलचंद लोधी, बोधीराम साहू, गिरवर साहू, सावन वर्मा, रघुवीर वाधवा, राजेन्द्र तिवारी, तरूण हत्थेल, वर्षा गेडाम, गोलू सूर्यवंशी, कैलाश उइके, कुशल साहू, तुलसी मिश्रा, गन्नूराम साहू, रामाधार ओझा, आशीष साहू, नोवल साहू, देवेन्द्र यादव, अशोक वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## शपथ समारोह में दिखी अव्यवस्था



**डोंगरगढ़।** जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जनपद सीईओ आलोक सतपुडे की उपस्थिति में होना था किन्तु शुक्रवार- शनिवार को मुख्यालय में नहीं रहने के बाद आज सुबह कार्यालय में उपस्थित हुए। बताया जाता है कि आयोजन की जानकारी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को दुरभाष से दिया गया। वहीं इसकी जानकारी मुख्य अतिथि सहित कांग्रेस नेताओं को भी नहीं दी गई थी। सुबह11 बजे आयोजित कार्यक्रम की किसी प्रकार की तैयारी देखने नहीं मिली।

### तुरंत बुलाया अतिथि को

बताया जाता है कि आनन फानन में प्रदेश भाजपा महामंत्री को अतिथि के रूप में बुलाकर अनुभागीय अधिकारी मनोज मरकाम की उपस्थिति में सीइओ ने शपथ दिलाया। कार्यकम की शुरूवात छत्तीसगढ़ महतारी की पुजा अर्चना से हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि भरत वर्मा ने जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए सरकार की योजना का क्रियान्वयन करने पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतो को बढाने का प्रयास करने कहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष लता सिन्हा, उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, सदस्य गिरजावती, अशोक नेताम, थनवार मंडावी, रेशमा कंवर, सुरेश वर्मा, महेश सेन, उर्वशी वर्मा, प्रीति वैष्णव, मंजु वर्मा, सरिता ओमप्रकाश मंडावी, नीरजबाई छेदैया, जेठूराम कंवर, रामकुमार कामडे, तामेश्वर साहू, उमेश साहू, पुजा चौधरी, सीमा साहू, रामेश्वरी वर्मा, अहिल्या कंवर, प्रतिमा खरे, दुर्गाप्रसाद रात्रे, गुलशन लिल्हारे, मनहरण सिन्हा, विहिप अध्यक्ष तरूण हत्थेल, जैन कुमार मेश्राम, अनिल सिन्हा, आशीष साहू, प्रेमलाल वर्मा, राघवेन्द्र कुमार, सीईओ आलोक सतपुडे, छत्रपाल ठाकुर आदि मौजूद थे।

# महिलाओं के योगदान को किया याद



**छुरिया।** रानी सूर्यमुखीदेवी महाविद्यालय में संस्था प्रमुख डॉ. सुषमा चौरे के मार्गदर्शन एवं डॉ. राजेन्द्र शर्मा के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. चौरे ने बताया कि 8 मार्च 1908 को न्यूयार्क में 15000 स्त्रियों ने कार्य करने की बेहतर परिस्थितियों एवं कम कार्य के घंटे और वोट देने के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इस घटना के बाद डेनमार्ग की समाजवादी नेता क्लारा जेटकिन ने महिला सम्मान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं की उपलब्धियों एवं योगदानों को सराहा जाता है और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है। इस मौके पर महिला सशक्तिकरण प्रभारी दीपिका ध्रुवे एवं छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन नरेन्द्र उमरिया और आभार प्रर्दशन दीपिका ध्रुवे ने किया। इस मौके पर प्रीतिबाला ठाकुर, रूपलाल देवांगन, मेघराज तारक, गैंदलाल सोनकर, इन्द्रा इन्दू, महेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

# ऑनलाइन लर्निंग प्रक्रिया से कराया रूबरू



**अर्जुनी।** नवीन महाविद्यालय में सोमवार को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में अतिथि ग्रंथपाल हिमानी साहू ने ऑनलाईन लर्निंग प्लेटफार्म स्वयं पोर्टल पर जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए कार्यकम स्यं की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। इस मौके पर बताया गया कि कक्षा 9 से स्नातकोत्तर तक के लिए उच्च गुणवत्ता वाले पाठ्यक्रमों के लिए वन स्टॉप अम्ब्रेला मंच है जो डिग्री के लिए क्रेडिट का प्रमाणन करता है। यह शिक्षार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाले व्यक्तिगत और इंटरैक्टिव ज्ञान मॉड्यूल प्रदान करने का डिजिटल माध्यम है। जिसका उद्देश्य शिक्षा को सर्वव्यापक बनाना है। इस मौके पर स्वयं में उपलब्ध विभिन्न कोर्सों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। छात्रों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता हेमशंकर साहू, हरवंश चौरगे, ओमप्रकाश सहारे, योगेन्द्र देवांगन, डॉ काव्या जैन, शुभि जैन, चाँदनी पराते, लीना साहू, हनी ठक्कर, सौम्या देवांगन, सरोजनी वर्मा के अलावा विद्यार्थी उमाशंकर, मिथलेश, कबीर तोकेश, दिव्या, उपासना, प्रियंका, लक्ष्मी, फलेश्वरी, जया, आकांक्षा, ओमलता, मेघा, पल्लवी, वीणा, नोमिन, मणी, पूनम, प्रिया, राधिका, चांदनी, नेहा, पूजा, देव्यानी, सरस्वती, भूमिका, तन्नू, मुरली, चन्द्रप्रकाश, गितेश आदि उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभाकक्ष में इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर परियोजना अंतर्गत जिला स्तरीय विभागीय समन्वय समिति की उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में उपस्थित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी तथा एनआरएलएम बिहान की कम्यूनिटी कैडर एवं संकुल संगठन के सदस्यों को परियोजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर परियोजना के क्रियान्वयन प्रक्रिया एवं विभागीय अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग के संबंध में चर्चा की गई। परियोजना के माध्यम से आगामी 3 वर्षो में 16 ग्राम से 1200 परिवार महिला किसानों को लाभान्वित किया जायेगा। चयनित हितग्राहियों को 3-4 कृषि आधारित आजीविका गतिविधि के लिये वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण कृषि उत्पादों के विक्रय में सहयोग एवं मूल्य संवर्धन आदि सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी।

उक्त परियोजना के संबंध में कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा द्वारा उपस्थित कृषि सखी, पशु सखी को मार्गदर्शन दिया गया एवं क्रेडा योजना से सोलर पम्प सब्सिडी योजना का लाभ लेने के लिये महिला किसानों को प्रेरित किया। क्रेडा विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्रकरण तैयार कर योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये गये।

### लोगों को दी उपयोगी जानकारी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल द्वारा कृषि आजीविका संवर्धन के संबंध में मार्गदर्शन दिया तथा विभागीय अधिकारियों ने भी अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उक्त बैठक में एनआरएलएम के डीपीएम, बीपीएम, क्षेत्रीय समन्वयक, सीएलएफ अध्यक्ष, सचिव, ग्राम संगठन के ईसी सदस्य, कृषि सखी, पशु सखी उपस्थित रहे। साथ ही तकनीकी सहयोग संस्था प्रदान के अधिकारी राकेश ने भी इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर परियोजना क्रियान्वयन के संबंध में उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की गई।

# विद्यार्थियों को खिलाई फाइलेरिया की दवा

- घर के आसपास सफाई रखने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा



स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग ने फाइलेरिया मुक्ति अभियान कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान सभी प्राध्यापक और छात्र छात्राओं को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई।

प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक रोग है। रोग से बचाव के लिए लोगों को मुफ्त में दवा दी जा रही है। उन्होंने बताया क दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीईसी एवं एल्बेडाजोल की एक-एक गोली, छह से 14 साल के किशोर को डीईसी की दो तथा एल्बेडाजोल की एक गोली तथा15 साल के अधिक आयु के लोगों को डीईसी की तीन गोली एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली दी जा रही है। मितानिनों ने बताया डीईसी की गोली खाली पेट नहीं खाना है एवं एल्बेंडाजोल की गोली को चबाकर खाना है।

प्राध्यापक संजय देवांगन ने बताया कि फाइलेरिया से पैरों, हाथों में सूजन आ जाती है जिसे हाथी पांव कहा जाता है। फाइलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करना एवं घर के आसपास सफाई रखना आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ नवीन राजपूत, रवि चतुर्वेदी, डॉ कमलेश चेलक, नेमू साहू, रितेश बंजारे, हिरेंद्र साहू, पूजा देवांगन, भारती साहू, मोनिका सिन्हा, मासूम वर्मा और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## वनांचल की महिलाओं में दिखा उत्साह

# महिला दिवस : महिला मोर्चा ने किया मातृशक्ति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मी, बुजुर्ग महिलाएं और स्वच्छता दीदीयों को सम्मानित किया गया। अंबागढ़ के सारस्वत भवन में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि जिला भाजपा व जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, पूर्व विधायक संजीव शाह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू मौजूद रही। अतिथियों को महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत व पदाधिकारियों द्वारा भगवान राधाकृष्ण का चित्र भेंट किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं जुटी। अतिथियों ने उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। आयोजन को लेकर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सारस्वत ने बताया कि मातृ शक्तियों को प्रोत्साहित किए जाने के लिए यह विशेष अवसर है। बदलते दौर में महिलाओं ने अपने कंधों पर बड़ी जिम्मेदारियां ली है और उसे पूरी प्रतिबद्धता से निभा रही है।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, जिपं सदस्य नेहरू रजक, रेखा कोठारी, गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंघी, पवन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, मोहन जैन, उमाकांत बाजपेयी, संगीता मिश्रा, गौरीशंकर यादव, चंदन उपाध्याय, अवधेश त्रिपाठी कुंभकार, उषा यादव, कविता यादव, कुंजलता हरमुख, कल्पना नंदा मेश्राम, रेखा गोस्वामी, लक्ष्मी, पायल, सीमा तीजन, योगमाया साहू, चेतना शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

### महिलाएं ही समाज निर्माण की नींव

एमएमएसी जिला पंचायत व भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह ने कहा कि आप विकासशील और सभ्य समाज के निर्माण की नींव हैं। भाजपा की विचारधारा महिलाओं को आगे लाने की रही है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मैं स्वयं भी हूं। पूर्व विधायक संजीव शाह ने कहा कि हमारी संस्कृति में मातृ शक्तियों का सम्मान सबसे ऊंचा है। आप सभी को प्रणाम करता हूं और निरंतर प्रगति की कामना करता हूं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू ने कहा कि आज महिलाएं परस्पर पुरूषों से कंधों से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। भाजपा ने उनकी चिंता की है। महतारी वंदन योजना से लाखों महिलाएं लाभान्वित हो रही है। महिला समूहों को रोजगार देने की दिशा में सरकार प्रभावी पहल कर रही है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित



**डोंगरगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रतिष्ठित शक्ति वाहनी ने महिलाओं सम्मान कार्यक्रम रखकर उन महिलाओं का सम्मान किया जिनके कार्य मानव समाज के लिए महत्वपूर्ण है। शक्ति वाहिनी ने समारोह में ड्रोन दीदी शांति विश्वकर्मा, लाल बहादुर नगर की पुष्पा सिन्हा, जामरी की लेखिका निर्मला सिन्हा एवं पालिका की निर्वाचित पार्षद शारदा यादव, सुहाना मांडवी जो सब्जी भाजी का व्यापार कर अपने परिवार की देखभाल कर रही हैं का सम्मान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संगीता टेंभुरकर, पूनम डोंगरे, काजल डोंगरे, सुधा श्रीवास्तव, शीला गहरवार अनुपमा मुनेश कुमार, कृष्ण थे। इस दौरान खाटूश्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विशाल सुराणा ने आयोजन में सहयोग दिया। इस दौरान शक्ति वाहिनी की ज्योति बडवाईक, शारदा अग्रवाल, सुनीता बघेल, हर्षा देवांगन, मंजू बघेल, गोमती बघेल, रीना रगड़े, सीमा मिश्रा, अचला ठाकुर, पूनम ठाकुर, नवनीत कौर, धनश्री गिरधर, पूजा बघेल, अंजू चौधरी, कीर्ति बड़े, वंदना सोनी, गुलशन खांडेकर, सुनीता यादव, बरखा सोनी, कविता बघेल, ज्योति गौतेल, प्रीति गौतेल, तामेश्वरी चौधरी, पूजा सिंह राजपूत, नीता तराने, वंदना सिसोदिया, संतोषी यादव, पूजा उजवाने, संगीता राजपूत, मधु महोबिया, निर्मला साहू, प्रीति पाल, श्रद्धा अग्रवाल, सौम्या भारद्वाज, के गायत्री राव, सपना, राखी प्रसाद, सुधा श्रीवास्तव, हेमलता तिवारी, सुलभा सिंह, वैशाली हत्थेल, पूजा करसे, रोशनीसरवारी, शालू बिरहा मौजूद थी।

### भर्रेगांव में लकी चंद्राकर निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भर्रेगांव में पंचायत चुनाव के उपसरपंच पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत भर्रेगांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर ने वार्ड 17 से पंच का चुनाव लड़ा था। जिसमें लकी चंद्राकर पराजित हुए और पंच चुने गए। लकी चंद्राकर को पंचों द्वारा निर्विरोध उपसरपंच चुना गया है। नवनिर्वाचित जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर, नवनिर्वाचित सरपंच लक्ष्मीबाई बंजारे, उपसरपंच लकी चंद्राकर, पंचगण दुर्गेश्वरी निषाद, मोतीलाल चंद्राकर, चंद्रमणि चंद्राकर, वीनू कुमार साहू, केदार प्रसाद निषाद, चित्ररेखा निषाद, शैलेंद्री चंद्राकर, अनिता चंद्राकर, एकता चंद्राकर, दुर्गाबाई सोनकर, सूर्यभान चंद्राकर, अनिताबाई सिन्हा, नीता साहू, भिमिन बाई, नीलमणि सोनकर, बालकृष्ण पटेल, लकी चंद्राकर, रमाबाई सिन्हा, कमल कुमार, जानकी बिदानी का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

**खबर संक्षेप**

### जब्त शराब की पुलिस ने किया नष्टीकरण

**राजनांदगांव।** आबकारी के 45 प्रकरणों में जब्त शराब एवं अन्य मामला में जब्त लाठी-डंडा व अन्य सामान का डोंगरगढ़ पुलिस ने नष्टीकरण किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना के विभिन्न प्रकरणों, जब्त ऐसे लंबित मामले जो न्यायालय से निराकृत हो गया है। ऐसे प्रकरणों में जब्त सामाग्रियों का नष्टीकरण अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इसी अभियान के तहत 9 मार्च को थाना डोंगरगढ़ में निराकृत आबकारी के 45 प्रकरणों में जब्त देशी, विदेशी, कच्ची महुआ मूल्यहीन शराब कुल मात्रा 267.270 बल्क लीटर एवं अन्य 27 मामलों में जब्त विभिन्न प्रकार के लाठी-डंडा एवं अन्य मूल्यहीन सामग्री को माननीय (अनिश दुबे) अपर सत्र न्यायाधीश डोंगरगढ़ के समक्ष न्यायालय परिसर में नष्टीकरण किया गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, माल मोहर्रिर प्रधान आरक्षक अजीत टोप्पो, आरक्षक लीलाधर मंडलोई, अजय पाटले, भुपेन्द्र कंवर, चिंता दिवान का विशेष योगदान रहा है।

### 93 पौवा शराब बरामद

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने ग्राम आरी में घेराबंदी कर अवैध रूप से रखे 93 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम ने मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया। रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी द्वारा अपराध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध घटित करने से आरोपी हरीश निर्मलकर 20 साल निवासी ग्राम सालिकझिटिया के पास से प्लास्टिक के रंगीन एक बोरी में 93 पौवा देशी प्लेन शराब, ब्रांड रोमियों छत्तीसगढ निर्मित, कीमती 8370 रुपए को जब्त एवं आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

## सिंहदेव पहुंचे शहर, जोरदार स्वागत

# बाजे गाजे के साथ रैली नपं अध्यक्ष ने ली शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह पुराना तहसील आफिस के सामने भव्यता के साथ संपन्न हुआ। दोपहर 12 बजे नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो एवं पार्षद वार्ड क्र. 1 तामेश्वर साहू, वार्ड 5 अमन सोनी, वार्ड 6 सोनल ताम्रकार, वार्ड 9 इशरत अंजुम, वार्ड 14 ननकी चतुर्वेदी एवं वार्ड 15 के पार्षद दिलीप ओगरे का काफिला बाजे-गाजे के साथ वार्ड क्रमांक एक पहुंची, जहां से आभार रैली का आगाज हुआ।

आभार रैली दोपहर 3 बजे तिरंगा चौक पहुंची और मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का स्वागत किया गया, जहां से आभार रैली के साथ टीएस सिंहदेव को कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। लगभग 3.30 बजे पीठासीन अधिकारी रेणुका रात्रे ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को शपथ ग्रहण कराया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक गिरवर जंघेल और ब्लॉक अध्यक्ष भिगेश यादव ने संबोधित करते बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन बाके लाल वर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान पदम कोठारी, शताक्षी सिंह, चेतन देवांगन, अयुब कुरैशी, सुरेंद्र जायसवाल, सतीश सिंघानिया, मोहम्मद खान, हबीब खान, मन्नू चंदेल, संजू चंदेल, भूषणमणि झा, लियाकत अली, सुरेंद्र जायसवाल, मैनुद्दीन सोलंकी, मोहसिन खान, क्रांति ताम्रकर, नारायण चतुर्वेदी, रूखमणी देवांगन, अनिता ओगरे, सूरज नामदेव, अमित टंडन, बालक दास डहरिया, बालकिशन यादव, कमलेश धुर्वे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

### सबका साथ जरूरी - सिंहदेव

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि टीएस सिंहदेव ने संबोधित करते कहा कि नगर विकास के लिए सबका साथ जरूरी है। अध्यक्ष और पार्षद को नगर के हर व्यक्ति के लिए काम करना है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को बधाई देते उन्होंने रमजान और नवरात्रि को लेकर आमजन को शुभकामनाएं दी।

### विकास में आएगी तेजी - खुसरो

नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने आम जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप सबके विश्वास पर खरा उतरना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। आपने पार्षदों और कांग्रेस पर विश्वास जताया है। हर छोटी-बड़ी समस्या में आपके साथ कंधा से कंधा मिलाकर उन समस्याओ का हल करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम शासकीय था, परंतु भारतीय जनता पार्टी के साथियों ने इस मंच का अपमान किया है।

### भाजपा पार्षदों ने कार्यालय में ली शपथ

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 11 बजे आयोजित किया गया था। जिसमें वार्ड 2 के पार्षद श्यामपाल ताम्रकर, वार्ड 3 के पार्षद अशोक पटेल, वार्ड 4 ममता स्वर्णकार, वार्ड 7 राकेश निषाद, वार्ड 8 सुमन पाटले, वार्ड 10 प्रकाश पटेल, वार्ड 11 यतीश कुंजाम, वार्ड 12 के मनीष मरकाम को एसडीएम रेणुका रात्रे ने पद का शपथ दिलाया। इसी दौरान वार्ड 13 के निर्दलीय प्रत्याशी सावत देवांगन का भी शपथ ग्रहण कार्य संपन्न कराया गया। सभी पार्षदों ने अपने पद की गरिमा के अनुसार शपथ लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि राजेश मेहता, राकेश ठाकुर, पुष्पेंद्र देवांगन, आम जनता व निकाय की कर्मचारी उपस्थित रहे।







### शहर में भारी मालवाहक वाहनों के आवागमन से बढ़ी दिक्कत

# आधा अधूरा बाईपास निर्माण, हादसों में हो रही मौत, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर में भारी मालवाहक वाहनों के बेरोकटोक आवागमन से सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते सात दिनों में दो दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो चुकी है। पहला हादसा अमलीपारा में हुआ जहां सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को धान से लदे ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसका शरीर दो टुकड़ों में बंट गया और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, दूसरा भीषण हादसा रविवार को सांस्कृतिक भवन पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले दो बाइक सवार आपस में टकराकर सड़क पर गिरे इसी दौरान एक युवक धान से भरे मेटाडोर की चपेट में आ गया जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मेटाडोर चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

गौरतलब है कि शहर मे बढ़ती सड़क दुर्घटना अब गंभीर समस्या बन चुकी हैं। प्रशासन की लापरवाही और बाईपास सड़क का अधूरा निर्माण लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है। प्रशासनिक अनदेखी से लगातार निर्दोष हादसों में जान गंवा रहे है इस स्थिति मे प्रशासन को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।



### 12 सालों से बाईपास अधूरा, हादसों को दे रहा न्योता

सोनसरार से किसान राइस मिल तक बाईपास सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन पुलिया का काम आधा अधूरा होने के कारण यह सड़क अब तक चालू नहीं हो पाई। यदि पुलिया का निर्माण पूरा हो जाए तो भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश नहीं करना पड़ेगा जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है, लेकिन पुलिया अधूरी होने के कारण भारी वाहन अब भी शहर के मुख्य मार्गों से गुजरने को मजबूर हैं रोज जिससे ट्रैफिक जाम और दुर्घटना लगातार बढ़ रही हैं। शहर के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बाईपास का अधूरा निर्माण अब लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है। उनका कहना है कि बाईपास चालू नहीं होने से भारी वाहन शहर के अंदर से गुजर रहे हैं, जिससे भीड़भाड़ और दुर्घटना बढ़ती जा रही हैं। यदि पुलिया का निर्माण पूरा हो जाता, तो भारी वाहन बाईपास से ही निकलते और शहर की सड़कों पर दबाव कम होता। हर साल शहर के अंदर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान जा रही है, लेकिन प्रशासन इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द बाईपास पुलिया निर्माण पूरा कराने की मांग की है ताकि शहर की सड़कें सुरक्षित हो सकें और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### आंदोलन की दी चेतावनी

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जनसुरक्षा को प्राथमिकता देने के उद्धेश्य से कांग्रेसियों सहित अन्य लोगों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को ज्ञापन सौंपकर जनहित और लोगों की जान माल की सुरक्षा को देखते हुए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। कांगेस नेता व विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, दीपक देवांगन, डॉ अरूण भारद्वाज, नदीम मेमन, सूर्यकांत यादव, आरती यादव, पूरन सारथी, शैलेंद्र वर्मा, आकाश सारथी, भूपेंद्र वर्मा, हिमांशु चंदेल, रूद्रा वर्मा, सूरज महिलकर सहित अन्य ने बताया कि बीते एक साल मे सड़क दुर्घटना के चलते दो दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। यातायात दबाव कम करने लगभग पंद्रह साल पहले बाईपास की स्वीकृति मिली, लेकिन निर्माण में विलंब के चलते शहर के अंदरूनी सड़कों में यातायात का जबर्दस्त दबाव पड़ रहा है। रोजाना लोगों को जाम का सामना करना पड़ रहा और दुर्घटना में लोग असमय काल के गाल मे समा रहे है। उन्होंने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को दस दिनों के भीतर बाईपास सड़क का काम पूरा कराने की मांग करते हुए कहा कि इसके बाद क्रमबद्ध आंदोलन करके शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया जाएगा। गौरतलब है कि सड़क हादसों की संख्या में निरंतर वृद्धि के प्रमुख कारणों में अतिक्रमण, संकरी सड़कों, ट्रैफिक जाम, भारी वाहनों की अव्यवस्थित आवाजाही और यातायात नियमों की अनदेखी शामिल हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के कारण कई परिवार असमय अपनों को खो रहे हैं, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। इसके बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। बायपास रोड का काम पूरा होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी, ट्रैफिक समस्या हल होगी और शहरवासियों को राहत मिलेगी।

# पुलिस ने मिदापल्ली सड़क किनारे माओवादी स्मारकों को किया ध्वस्त

### माओवादियों ने चार स्मारक किया था तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



गढ़चिरौली जिला माओवादी गतिविधियों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है। यह एक दूरस्थ और अत्यंत दुर्गम क्षेत्र है, जहां कई आदिवासी समुदाय अभी भी विकास से वंचित है। अपनी प्रगति को बढ़ावा देने और माओवादी हिंसा पर अंकुश लगाने गढ़चिरौली पुलिस ने 9 मार्च को भामरागढ उप-मंडल के तहत कवांडे में एक नया पुलिस स्टेशन स्थापित किया।

नए पुलिस स्टेशन की स्थापना की प्रक्रिया के दौरान गढ़चिरौली पुलिस ने देखा कि माओवादियों ने आम लोगों के मन में आतंक पैदा करने और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने क्षेत्र में पुलिस स्टेशन के निर्माण से पहले ही मिदापल्ली से कवांडे रोड के किनारे स्मारक बनाए हुए हैं। क्षेत्र में इसके आधार पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गढ़चिरौली पुलिस के बीडीडीएस और सी-60 कर्मियों ने 9 मार्च को इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान यह देखा गया कि माओवादियों ने मिडापल्ली से कवांडे रोड के किनारे और पुलिस स्टेशन कवांडे के आसपास कुल चार स्मारकों का निर्माण किया हुआ है। बीडीडीएस टीम द्वारा माओवादी स्मारकों और आसपास के क्षेत्र का गहन निरीक्षण करने के बाद सी-60 फोर्स ने माओवादियों द्वारा निर्मित सभी संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया। माओवादियों के गढ़ वाले इलाकों में एओपी पेंगुंडा, पीएस नेलगुंडा और पीएस कवांडे की स्थापना कर और माओवादी स्मारकों को ध्वस्त करके गढ़चिरौली पुलिस ने इस सुदूर इलाके में स्थानीय निवासियों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा की है।

### अभियान तेज

इस अवसर पर एसपी गढ़चिरौली नीलोत्पल ने कहा कि इस क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान तेज कर दिया गया है और माओवादियों के हर आंदोलन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि इस तरह के माओवादी स्मारकों का समाज में कोई स्थान नहीं है और किसी को भी इस तरह के अवैध ढांचे के निर्माण में भाग नहीं लेना चाहिए।

# होली पूर्व धरपकड़ अभियान, तीन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- असामाजिक तत्वों पर पुलिस रख रही नजर
- कुछ बदमाशों को थाना बुलाकर दी समझाइश

होली त्यौहार के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वहीं धरपकड़ अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसके तहत तीन आरोपियों पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर पुलिस द्वारा आपराधिक व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 14 मार्च को होली त्यौहार के मद्देनजर शहर में होली पर्व सौहार्द्र एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने हेतु आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई की गई तथा कुछ बदमाशों को थाना बुलाकर आवश्यक समझाइश दिया गया।

### वारंटी भी पकड़ाया

बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत के आदतन अपराधी जो आगामी होली पर्व में अप्रिय घटना घटित कर शहर का माहौल खराब कर सकते हैं, ऐसे लोगों को अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी 3 अनावेदक आकाश बघेल 27 साल निवासी कुंआ चौक नंदई, राकेश मंडावी 32 साल अटल आवास पेंड्री एवं अलोक बंजारे 19 साल निवासी कौरिनभांठा के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत इस्तगाशा तैयार कर माननीय अनुविभागीय दंडाधिकारी राजनांदगांव न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया एवं माननीय न्यायायल से प्राप्त आरोपी गिरफ्तारी वारंटी बहादुर ढीमर पिता किशुन लाल निवासी शिवमंदिर बांसपाईपारा राजनांदगांव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# पूर्व सीएम के घर ईडी की दबिश से कांग्रेसी खफा, आज पुतला दहन के जरिये करेंगे विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- कांग्रेस संगठन के आह्वान पर पुतला दहन का आयोजन
- ईडी के खिलाफ कांग्रेसियों में जमकर आक्रोश

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के घर सोमवार को ईडी की दबिश से कांग्रेसी खेमा नाराज हो गया है। इस कार्रवाई का विरोध जताने के लिए आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में कांग्रेस संगठन द्वारा पुतला दहन किया जाएगा। इसमें कांग्रेस के सभी जनप्रतिनिधि के साथ ही पदाधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो से तीन साल के भीतर प्रदेश के भीतर आधा दर्जन से अधिक कांग्रेसी नेताओं के घर ईडी ने दबिश देकर पूछताछ एवं कार्रवाई की है। इसी कड़ी में सोमवार सुबह ईडी की टीम ने भिलाई स्थित पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर में दबिश दी है। इसकी सूचना सामने आते ही कांग्रेस में जमकर बवाल हो गया है। इसी के चलते प्रदेश कांग्रेस संगठन ने एक आदेश जारी कर सभी जिला अध्यक्ष एवं संगठन को धरना प्रदर्शन के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### इनको शामिल होने के निर्देश

जिला स्तरीय पुतला दहन में सभी सांसद, पूर्व सांसद, विधायक-पूर्व विधायक के साथ ही विधायक प्रत्याशी, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्य, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ विभाग के जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारियों के साथ ही नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।



## खबर संक्षेप

### आज नारी शक्ति सम्मान का आयोजन

**राजनांदगांव।** सर्व सेन समाज महिला प्रकोष्ट के नेतृत्व में जिला सेन समाज के संयुक्त तत्वावधान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कल 11 मार्च को सुबह 10 बजे से गांधी सभागृह मुनिस्पल स्कूल ग्राउंड में आयोजित किया गया है। जिला महिला प्रकोष्ट अध्यक्ष निशा श्रीवास ने कहा कि यह कार्यक्रम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सशक्त नारी सम्मान के थीम में आयोजित है। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्षता मोना सेन तथा दुर्ग संभाग की सभी जिला महिला प्रकोष्टों की अध्यक्ष क्रमशः भिनेश्वरी सांडिल्य बालोद, संतोषी सेन चौकी, दुर्गा श्रीवास कवर्धा, प्रभा सेन खैरागढ़ और महानगर दुर्ग की जिला अध्यक्षिका शामिल होंगी। जिला मीडिया संयोजक इन्द्रद्वीप हीरा सेन ने बताया की सुबह 10 बजे संत शिरोमणि सेन महाराज की पूजा-अर्चना होगी, फिर अतिथियों का स्वागत, सम्मान और उद्बोधन होगा। इसके बाद नाई समाज की निगम चुनाव में नवनिर्वाचित पार्षद नारी शक्ति का सम्मान और सामाजिक, रचनात्मक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली नारी शक्तियों का सम्मान किया जाएगा।

### अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी को त्रि-स्तरीय चुनाव में जनता जनार्दन का भरपूर जनादेश प्राप्त हुआ है। राजनांदगांव सहित पूरे संसदीय





क्षेत्र में भाजपा का परचम लहरा चुका है। इसी कड़ी में 9 मार्च को बोडला जनपद पंचायत का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं दिनेश गांधी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि निर्विरोध निर्वाचन उपमुख्यमंत्री एवं विधायक विजय शर्मा के मार्गदर्शन के कारण संभव हो पाया। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार संपन्न चुनाव में कबीरधाम जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, मोतीराम चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष बोड़ला, रेंगाखार एवं भोरमदेव भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, विदेशीराम का प्रयास सराहनीय रहा। अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा एवं नंद श्रीवास उपाध्यक्ष बनाए गए। जनपद पंचायत के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचन के तहत अध्यक्ष के रूप में बालका रामकिंकर वर्मा अध्यक्ष चुनी गई और उपाध्यक्ष के रूप में नंद श्रीवास को निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया।

### सम्बलपुर में 12 से फाग महोत्सव

**राजनांदगांव।** ग्राम सम्बलपुर सिंघोला में मां भानेश्वरी चरण पादुका धाम में इस वर्ष भी दो दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 12 और 13 मार्च को ग्रामवासियों द्वारा रखा गया है। जिसमें झांकी वर्ग पुरस्कार, गायन वर्ग पुरस्कार व श्रेष्ठ पुरस्कार, विशिष्ट पुरस्कार शामिल है। उक्त जानकारी खूबलाल साहू व याददास हिरवानी ने दी।

### महिलाओं ने कराया न्योता भोज

**दाऊसिर्रा।** पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला सिर्राभांठा में महिलाओं ने बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। महिलाओं ने बच्चों को पुरी, सब्जी, केला, अंगूर एवं सेवई खिलाया। नंदकिशोर साहू ने मिठाई वितरित किया। महिलाओं ने इस दौरान बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए शिक्षकों से चर्चा किया।

### प्रकाश श्रीवास्तव का निधन

**डोंगरगढ़।** गुप्ता हार्डवेयर के संचालक प्रकाश श्रीवास्तव का आकस्मिक निधन 9 मार्च को रात्रि 8. 30 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 मार्च को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिक जनों ने शोक व्यक्त किया है।

खड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत का मामला

# पिता को आपत्तिजनक स्थिति में देख पुत्र ने कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पुत्र ने अपनी पत्नी के साथ पिता को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। जिससे आक्रोशित होकर बांस की लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर पिता की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 9 मार्च को थाना खड़गांव पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कट्टापार में मर्ग हुआ है। सूचना तस्दीक एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी खड़गांव निरीक्षक संजय कुमार यादव अपने दल-बल के साथ ग्राम कट्टापार पहुंचे, जो ग्राम कट्टापार की मुख्य बस्ती तक पक्की सड़क है, जो स्कूलपारा कहलाता है, वहां से लगभग 3 किलोमीटर दूर सघन जंगल पहाड़ियों के बीच शीतलापारा कट्टापार स्थित है, जहां पर सिर्फ 6 परिवार निवास करते हैं।



### महिला को उपचार के लिए भेजा

दूसरे दिन 9 मार्च को परदेशीराम तथा महिला गांव में नहीं दिखने पर ग्रामवासियों द्वारा पता तलाश किया गया, जिस पर ग्रामवासियों ने परदेशीराम को मृत पाया तथा आरोपी की पत्नी घायल अवस्था में मिली। चलने-फिरने लायक नहीं थी, जिसे 108 एम्बुलेंस चिखलाकसा से बुलवाकर तथा डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल मोहला भेजा गया, जहां से पीड़िता को आगे के उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है। मृतक परदेशीराम के शव पंचनामा कार्रवाई बाद हत्या का अपराध धारा 103(1), 115(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर आरोपी अरूण कुमार नुरेटी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### पिता की मौके पर मौत

सभी परिवार के लोग ढुलकी माईंस में काम करने जाते हैं। 8 मार्च दोपहर में आरोपी अरूण कुमार नुरेटी भी ढुलकी माईंस में काम पर गया था। शाम वापस अपने घर आया तो पत्नी घर में नहीं थी। खेत-लाडी तरफ गई थी तो आरोपी स्वयं खाना बनाया और बच्चों को खिलाया और खुद भी खाना खा लिया और उसके बाद अपनी पत्नी और पिता परदेशीराम नुरेटी को खोजने खेत-लाडी तरफ गया, जहां वह अपने पिता और पत्नी को देखकर क्रोधित हो गया और हाथ में रखे बांस की लाठी से तबाड़तोड़ हमला किया। जिससे आरोपी के पिता की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जिसे वह कंधे पर लादकर लाड़ी के आड़ में रख दिया और पत्नी को भी डंडे से मारपीट किया। जिसके घायल होने पर उसे लाड़ी के अंदर सुला दिया और डंडा को रास्ते में झाडियों के पास छिपाकर घर आ गया।

# श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन आज

- ज्योति खेमका की सुमधुर वाणी से गूंजेगा उदयाचल प्रांगण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित चार दिवसीय 30वें फागुन महोत्सव के चतुर्थ दिवस कल 11 मार्च को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ दोपहर 02 बजे से प्रारंभ होगा। पाठ का सुमधुर वाचन कोलकाता की श्याम दिवानी ज्योति खेमका द्वारा किया जाएगा।

श्री श्याम परिवार मंडल के सदस्यों ओमप्रकाश मधुसूदन अग्रवाल, ऋचा सौरभ अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, निर्विक अग्रवाल, विजय अग्रवाल, पवन अग्रवाल डोंगरगढ़, शिव सिद्धार्थ अग्रवाल, नीता अशोक लोहिया, ज्योति सुशील अग्रवाल, राधिका शुभम अग्रवाल राउरकेला एवं मनीषा कार्तिक अग्रवाल के अनुसार फागुन महोत्सव के उपलक्ष्य मे 11 मार्च को कोलकाता की श्याम दिवानी ज्योति खेमका की सुमधुर वाणी से संगीतमय सुमधुर श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ एवं भजन का कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें संस्कारधानी की लगभग



108 से अधिक माता-बहनें एवं बंधु सामूहिक रूप से अखंड ज्योति पाठ का वाचन करेंगे। इस दौरान अखंड ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी। जिसमें सभी भक्तों को आहुति प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा।

श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, महापौर मधुसूदन यादव, आर्य खंडेलवाल, सौरभ काव्य अग्रवाल, मनदीप सिंह झज्ज ने जानकारी दी कि महोत्सव के तृतीय दिवस 10 मार्च को मुंबई की श्याम सेविका गिन्नी कौर एवं मुंबई के ही सुप्रसिद्ध श्याम सेवक मनीष भट्ट ने श्याम प्रभु के भाव पूर्ण भजनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान इत्र, केशर, गुलाब जल की फुहार एवं फूलों की बौछार भक्तों के ऊपर होती रही।


### // आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम खम्हरीयाखुर्द प.ह.न. 32 रा.नि.म. खैरागढ़ तहसील खैरागढ़, जिला के.सी.जी. (छ.ग.) में स्थित असिंचित भूमि जिसका खसरा नं. 284, रकबा 0.0930 हे., 285/2 रकबा 0.0890 हे., 297/2 रकबा 0.2230 हे., भूमि इस प्रकार कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.4050 हे. विक्रेता दीपक जैन पिता प्रेमचंद जैन एवं श्रीमति रीतू जैन पति दीपक जैन द्वारा विकय करने हेतु तय शुदा रकम में पक्का सौदा कर लिया है जिस संबंध में विक्रय मूल्य की राशि में से बतौर एडवांश राशि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी को अदा कर दी गई है। पंजीयन विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाना शेष है।

अतः उक्त सौदे /संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्ध शासकीय, निकाय, बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय संसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर पावती प्राप्त करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति / दावा प्रभावहीन एवं शुन्य होगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। निर्धारित समयावधि के प्श्चात मेरे पक्षकार स्वतंत्र होगा कि वह अपने पक्ष में उपरोक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयन करा लेवे। तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी आपत्ति दावा अथवा झुठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगा। जो सूचना सर्व विदित हो।

स्थान - खैरागढ़
दिनांक 10/03/2025

**राजीव कुमार चंद्राकर**
अधिवक्ता, अमलीपारा खैरागढ़
मो. नं. 9424238529


# शाला में स्टेशनरी व खाद्य सामग्री वितरण

**राजनांदगांव।** आस्था मूकबधिर शाला में स्टेशनरी और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। 5 मार्च को विश्व मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल सेल, राष्ट्रीय प्रभारी वाईस चेयरमैन पायल पोपटानी मुख्य अतिथि का बैंड-बाजों के साथ स्वागत एवं फूलों की वर्षा कर अतिथि कक्ष तक ले जाया गया।

राष्ट्रीय प्रभारी पायल, जिला अध्यक्ष शकुन क्षत्रिय (महिला विंग), प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत सिंग के कर कमलों से मां सरस्वती का अक्षत-कुमकुम, दीपक प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथि कुलवंत सिंग, मौसमी सिन्हा, सरोज नांगवशी की उपस्थिति में आस्था मूकबधिर शाला में स्टेशनरी एवं खाद्य सामाग्री का वितरण कक्षा 1 से 10 के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रभारी पायल, जिला अध्यक्ष (महिला विंग) शकुन क्षत्रिय, कुलवंत सिंग, सरोज नांगवशी, प्रदेश अध्यक्ष मौसमी सिन्हा, जागृति, राधा, के. अरुणा द्वारा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था प्रमुख महेंद्र सुराना ने राष्ट्रीय प्रभारी का अभिवादन किया। विश्व




मानवाधिकार परिषद के अन्य साथी गोपालराम गोपीचंद नंदेश्वर, गूंजा धीवर, डॉली, अजय राज, गोपाल साहू, गिरधर आदि की उपस्थिति सराहनीय रही। प्रदेश मीडिया प्रभारी सरोज नांगवशी द्वारा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने टीम का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# प्राकृतिक रंगों के साथ मनाएं वैदिक होली

**राजनांदगांव।** स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के सदस्यों द्वारा वैदिक होली खेलने का संकल्प लिया। युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन साहू ने बताया कि भारतीय संस्कृति में हर पर्व त्यौहारों का विशेष महत्व होता है। ठीक इसी तरह होली का पर्व एक पुनीत पर्व है। भेदभाव को मिटाकर आपसी प्रेम भाईचारा व सदभाव प्रकट करने का अवसर है। युवा जागृति मंच के पदाधिकारीगण व सदस्य सभी से निवेदन करता है कि कैमिकलयुक्त रंगों से बचे, प्राकृतिक रंगों से होली खेले। जीवन साहू ने बताया कि होली पर्व धूमधाम से मनाएं पर कुछ विशेष बातों को ध्यान रखें। प्राकृतिक रंगों का उपयोग अवश्य करें। इससे आपके शरीर में कोई नुकसान नहीं होगा। पलास के फूलों के रंगों से होली खेलनी चाहिए।





समस्त क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाओं के साथ
सरल, सहज, मिलनसार, मृदुभाषी लोकप्रिय विधायक
श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा जी
MARCH 11
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मान. गिरिराज किशोर दास
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
मान. देवराज किशोर दास
विधायक प्रतिनिधि, न.पं. छुईखदान
मान. नम्रता गिरिराज वैष्णव
अध्यक्ष, न.पं. छुईखदान
मान. यशोदा नीलाम्बर वर्मा
विधायक, खैरागढ़
गजेन्द्र ठाकरे
मोतीलाल जंघेल
गिरवर जंघेल
रामकुमार पटेल
निर्मला वर्मा
संजय महोबिया
मनोज चौबे
हेमंत वैष्णव
संजीव दुबे
सज्जाक खान
सुदीप श्रीवास्तव
अनुराग सोनी
अनिमेष महोबिया
कमलेश यादव
तीन वर्षो में किये गये विकास कार्य
01. खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला निर्माण, 02. जिला चिकित्सालय की स्वीकृति 38 करोड रू,, 03. छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा में 50-50 बिस्तर अस्पताल की स्वीकृति, 04. खैरागढ़ कन्या महाविद्यालय एवं जालबांधा व बाजार अतरिया में महाविद्यालय की स्वीकृति, 05. छुईखदान में कृषि महाविद्यालय भवन की स्वीकृति, 06. छुईखदान बुनकर सोसायटी भवन का निर्माण, 07. ग्राम बीरूटोला में हाईटेक नर्सरी का निर्माण, 08. गंडई में हाईटेक सब्जी मंडी का निर्माण - लगभग 12 करोड़ रू., 09. गंडई में पटेल समाज हेतु सामुदायिक भवन- 50 लाख रू. की स्वीकृति, 10. सोनेसरार खैरागढ़ आई.टी.आई. भवन निर्माण, 11. ग्राम देवारीभाठ में प्रशिक्षण भवन निर्माण लगभग 2 करोड रू., 12. सिद्ध बाबा जलाशय एवं नहर नाली लाईनिंग कार्य, 13. सुरही नाला, पिपरिया नाला, लमती नाला, सुखा नाला आदि में नहर लाईनिंग कार्य लगभग 600 करोड रू., 14. पेयजल हेतु जल जीवन मिशन के तहत विभिन्न ग्रामों में पानी टंकी एवं पाईप लाईन विस्तार, 15. ग्राम आमाघाट कादा, केशला, खपरीकलार, पिपरिया में उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण कार्य, 16. ग्राम अमलीडीह, अकरजन, लालपुर, गोकना, भुरभुसी में स्टॉप डेम कम रपटा निर्माण कार्य, 17. 25 बड़े ग्रामों में हाई मास्क सौर ऊर्जा लाईट का स्थापना लगभग 2 करोड रू, 18. 20 साहू बाहुल्य ग्रामों में माँ कर्मा माता चबुतरा निर्माण कार्य, 19. 20 लोधी बाहुल्य ग्रामों में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति स्थापना, 20. 20 सतनामी बाहुल्य ग्रामों में जैतखाम एवं सौन्दर्यकरण कार्य, 21. 35 बड़े ग्राम पंचायतों में पेयजल हेतु पानी टैण्कर की सुविधा, 22. विभिन्न ग्रामों में समुदायिक भवन, सी. सी. रोड़ की स्वीकृति, 23. खैरागढ़ नगर में साहू समाज, लोधी समाज, राजपूत समाज, देवांगन समाज हेतु सामुदायिक भवन एवं पेंशनर भवन व रूख्खड़ बाबा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 75 लाख रू., 24. क्षेत्र के बड़े बाजारों- बुंदेली, बाजार अतरिया, बिजलदेही, सोनभट्ठा, भावे में बाजार सेड निर्माण कार्य, 25. क्षेत्र के 7 ग्रामों- वीरूटोला, गोपालपुर, भोथली, सीताडबरी, सुखरी, ठाकुरटोला, मोहगांव में नवीन धान खरीदी केन्द्र खुलवाया.
प्रकाश महोबिया पार्षद
मनीष कोचर पार्षद
चन्द्रेश कुंभकार पार्षद
प्रेमसिंह पाल पार्षद
संजू नेताम पार्षद
रूपबाला महोबिया पार्षद
शैव्या वैष्णव पार्षद
निधि तिवारी पार्षद
सौजन्य : देवराज किशोरदास, विधायक प्रतिनिधि, नगर पंचायत छुईखदान

# कार्टून वाली पिचकारियों की मांग, रंग-गुलाल और नगाड़ों के साथ अतरंगी बाल की भी डिमांड


## 14 मार्च को मनाया जाएगा रंगों का पर्व, शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में लगी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रंगो का त्यौहार होली आगामी 14 मार्च को मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर अब चार दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में होली पर्व को देखते हुए बाजार में रंग-गुलाल, पिचकारियों की दुकानें भी सज गई है। हर साल की तरह इस बार भी दुकानदारों ने बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते कार्टून वाली पिचकारियां अधिक रखी है। इसके साथ ही कुछ नए आयटम भी बाजार में उपलब्ध है। हालांकि नगाड़ो की मांग पहले से कम हो गई है। यही कारण है कि इस बार गिनती के ही व्यापारी नगाड़ा बेचने के लिए शहर में आए हैं।

### गुलाल की मांग अधिक

लोग अब स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सजग हो गए हैं। जिसके कारण केमिकल रंगों के बजाय हर्बल रंगों और गुलाल की खरीदारी में वृद्धि हो रही है। हर्बल रंग और गुलाल विभिन्न कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिनकी कीमत 20 रुपए से लेकर 100 रुपए (प्रति 100 ग्राम) तक है। ब्रांडेड गुलाल की कीमत 200 रुपए से लेकर 800 रुपए प्रति पैक तक है। जबकि अबीर 250 रुपए से लेकर 400 रुपए प्रति पैक में उपलब्ध है।



### डोरेमोन-छोटा भीम अधिक बिक रहे

होली के लिए दुकान लगाने वाले प्रहलाद सिन्हा ने बताया कि बच्चों के लिए खास पिचकारियां बाजार में उपलब्ध है। स्पाइडर-मैन, डोरेमोन, छोटा भीम, वीर हनुमान, आयरन मैन जैसे कार्टून किरदारों वाली पिचकारियां ही बच्चों को आकर्षित कर रही है। खास बात यह है कि बच्चे इन्हें अपने स्कूल बैग की तरह कमर में बांध लेते हैं। इसके अलावा गुलाल फायरो गन भी इस बार बाजार में आई है, जिसे फायर करने पर बंदूक से गुलाल निकलता है। इसकी कीमत 200 से लेकर 600 रुपए तक है।

### थोर का हथोड़ा, मैजिक ग्लास भी उपलब्ध

होली को देखते हुए कई अनोखे उत्पाद भी बाजार में उपलब्ध है। इनमें थोर के हथोड़े वाली पिचकारी, सेल्फ सीलिंग वाटर बैलून, मैजिक ग्लास, पुष्पा वाले मुखौटे, फायर गन जैसी पिचकारियां उपलब्ध है। इसके अलावा रंग-बिरंगे नकली बाल, मुखौटे, डिजाइनर टोपियां और रंगों से भरे बैग भी बाजार में बिक रहे हैं, जो अपने अनोखे डिजाइन के कारण लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि हर साल होली का त्यौहार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। इस बार होली का त्यौहार 14 मार्च शुक्रवार को मनाया जाएगा। वहीं होली से एक दिन पहले होलिका दहन करने की परंपरा है, यानी 13 मार्च को होलिका दहन होगा। इस बार होलिका दहन की तिथि 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 35 मिनट से शुरू होगी और तिथि का समापन 14 मार्च को दोपहर 12 बजकर 23 मिनट पर होगा। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात 11 बजकर 26 मिनट से शुरू होगा और 14 मार्च को रात्रि में 12 बजकर 30 मिनट पर मुहूर्त का समापन होगा।

### पशोपेश में फंसे संगठन ने नहीं किया नपं उपाध्यक्ष का प्रत्याशी घोषित

# भाजपा के ही दो पार्षदों ने भर दिया नामांकन

## कांग्रेस की प्रियंक जैन को 3 एवं भाजपा पार्षद रोहित को मिले 13 वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर पंचायत उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान भाजपा का अंतरकलह खुलकर देखने मिला और भाजपा के दो पार्षद ताल ठोकते नजर आए। भाजपा का एक खेमा जिसे उपाध्यक्ष बनाना चाह रहा था उसे प्रस्तावक- समर्थक भी नहीं मिले। वहीं कुछ नेताओं की चाह के विपरीत चुनाव लड़ने वाले रोहित गुप्ता ने 13 मत प्राप्त कर उपाध्यक्ष का पद हथिया लिया। उनके अपने निकटतम कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंक जैन को 3 मत से पराजित किया।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया सभागार में एसडीएम श्रीकांत कोराम की मौजूदगी में संपन्न हुई। जानकारी के अनुसार प्रत्याशी को लेकर पार्षद में सहमति बनाने के लिए रविवार रात को राजनांदगांव की एक होटल में बैठक रखी गई थी। जिसमें 10 पार्षदों ने दूसरी बार निर्वाचित रोहित गुप्ता के नाम पर सहमति जताया था। पता चला है कि बुधवार को जिला भाजपा के महामंत्री सौरभ कोठारी की मौजूदगी में पुनः बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें भी सभी पार्षद श्री गुप्ता के पक्ष में थे, किन्तु दूसरे खेमे के नेताओं ने पुरुषोत्तम साहू का नाम आगे बढ़ाया। आम सहमति नहीं बनने के बाद यह प्रयास किया जा रहा था कि श्री गुप्ता नाम निर्देशन पत्र दाखिल न कर पाए। निर्धारित समय से ठीक पहले श्री गुप्ता के समर्थक सभी पार्षद एक साथ नगर पंचायत पहुंचे और नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर दिया।



### नहीं मिला दो का साथ, फार्म रिजेक्ट

जानकारी के अनुसार पार्षदों का समर्थन नहीं मिलने के बाद भी वार्ड 14 के पार्षद पुरुषोत्तम साहू ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया, किन्तु उसमें प्रस्तावक समर्थक के हस्ताक्षर नहीं होने कारण निरस्त हो गया। श्री साहू का पर्चा खारिज होने के बाद वार्ड 4 के पार्षद रोहित गुप्ता और कांग्रेस के प्रियंक जैन मैदान में शेष थे।

### खुद को नहीं दिया वोट, भाजपा प्रत्याशी को मिले 13 वोट

उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी होने के बाद मतदान कराया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, निर्दलीय नफिसा बड़गुजर, पुरूषोत्तम साहू सहित अन्य सभी भाजपा के पार्षदों ने श्री गुप्ता के पक्ष में मतदान किया। उन्हें 13 वोट मिले। वहीं कांग्रेस के प्रियंक जैन को 3 वोट हासिल कर सके। परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा के एक खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। वहीं दूसरा खेमा मौके से गायब रहा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, रामकुमार गुप्ता, मनीष बोहरा, योगेश पटेल, नारायण साहू, मनोज हेमनानी, दिव्यांश जैन, संतोष यादव, सिद्दीक बड़गुजर, धनराज ठाकुर, नवनीत अहीर, शरद वैष्णव, अक्षय जैन, चंद्रशेखर यादव, सौरभ जैन आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# नई व्यवस्था नहीं आ रही रास पोषण आहार वितरण में दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पोषण आहार के कार्यों में आ रही दिक्कतों और अपनी पांच सूत्रीय विभिन्न मांगों को लेकर सैकड़ों की संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से केंद्रीय एवं राज्य महिला बाल विकास मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

आंगनबाड़ियों में नई व्यवस्था के तहत गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं और बच्चों को वितरित की जाने वाली पोषण आहार को लेकर हितग्राही का आधार कार्ड, मोबाईल से ओटीपी अनिवार्य कर दिया गया है। ओटीपी लोड करने के बाद ही टीएचआर प्रदान किया जाना है। जिसको लेकर समस्याएं होने का हवाला देकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं साहिकाओं ने धरना प्रदर्शन किया।



### ओटीपी नहीं बता रहे

अपने प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत पोषण आहार वितरण के लिए हितग्राहियों से ओटीपी मांगा जाता है। हितग्राही ओटीपी बताने से मना करते हैं। वहीं कुछ हितग्राही के पास मोबाइल नहीं होता है, अधिकांश हितग्राही मोबाइल लेकर नहीं आते है। वहीं कई स्थानों में सर्वर और इंटरनेट की समस्या रहती है। जिसकी वजह से टीएचआर वितरण प्रभावित हो रहा है।

### नए मोबाइल फोन देने की मांग

अपने प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि जो मोबाइल लगभग 4 साल पहले उन्हें प्रदान किया गया है, उसमें यह कार्य करना संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने शासन, प्रशासन से 5 जीबी की रैम वाले नए मोबाइल फोन दिए जाने और मोबाइल रिचार्ज के लिए प्रति माह 500 रुपए स्वीकृत किए जाने मांग की है।

**पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग** : पोषण ट्रेकर पर फोटो कैप्चर से पोषाहार वितरण में आ रही परेशानियों की वजह से अपने प्रदर्शन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण आहार वितरण की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

# पानी को लेकर प्रदर्शन, आयुक्त दफ्तर के बाहर फोड़े मटके, नगाड़ा बजाकर जगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम में शपथ ग्रहण करने के बाद कांग्रेस के पार्षदों ने शहर में व्याप्त पेयजल की समस्या को लेकर आज नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान नवनिर्वाचित पार्षद खाली मटके लेकर निगम पहुंचे और आयुक्त कार्यालय के सामने बैठकर जमकर नगाडा बजाया। वहीं मटके फोड़कर विरोध प्रदर्शन किया।

शहर के शिवनाथ नदी स्थित मोहारा एनीकट में पर्याप्त पानी नहीं होने के चलते शहर के लोगों को एक टाइम ही पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में शहर के लगभग सभी वार्ड जल संकट से जूझ रहे हैं। वहीं रेलवे पटरी पार के वार्डों में यह समस्या ज्यादा है। जिसके चलते पटरी पार के नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों ने प्रदर्शन किया।

पेयजल के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिलने के चलते आक्रोश जताते पार्षद और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने यहां आयुक्त कार्यालय के बाहर मटके फोड़कर विरोध जताया। वहीं नगाड़ा बजाते पेयजल संकट को लेकर अपनी बात निगम प्रशासन तक पहुंचाई।



### पेयजल का भी संकट

शहर के गौरीनगर, स्टेशनपारा क्षेत्र में पहले ही जल संकट बना हुआ था। वहीं अब नगर निगम द्वारा एक समय पानी देने के चलते यह समस्या विकराल हो गई है। जिसकी वजह से यहां पेयजल की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है, जिसे देखते हुए इस क्षेत्र के कांग्रेस पार्षदों और कांग्रेस पार्षद प्रत्याशियों द्वारा प्रदर्शन किया गया है।

### घेराव कर किया प्रदर्शन

उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली, वरिष्ठ पार्षद हफीज खान, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, पार्षद राजा तिवारी, अमित चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता रैली के शक्ल में नगर निगम कार्यालय पहुंचे और यहां आयुक्त दफ्तर के बाहर बैठकर पेयजल की समस्या को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

### आंदोलन की चेतावनी

पेयजल समस्या को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने कहा कि पटरी पार के 1 से 13 वार्डों में पानी की समस्या है। हम अपने प्रदर्शन के माध्यम से निगम प्रशासन को जगाने का प्रयास कर रहे हैं, व्यवस्था नहीं सुधरी तो आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन को गर्मी से पहले पानी की व्यवस्था करनी चाहिए थी।

### निगम प्रशासन के खिलाफ आंदोलन

नवागांव, मोतीपुर, रामनगर, शांतिनगर, चिखली, शंकरपुर, स्टेशनपारा, गौरीनगर सहित लगभग 13 वार्ड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम में पहुंचकर पानी नहीं मिलने की समस्या के चलते निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की।

**जमीन बेचना**

फसल सहित **कुल 42 एकड़ खेत** एक जगहों पर बिकाऊ है ग्राम कुंआ तहसील नवांगाढ़ जिला बेमेतरा (छ.ग.) कीमत **21 लाख रू. प्रति एकड़**

कृपया खरीददार ही सम्पर्क करें, कृपया दलाल सम्पर्क ना करें.....

प्रधान मंत्री मेन रोड से लगा हुआ ग्रामीण **सड़क' - 15 एकड़ में गन्ना, 15 एकड़ में मुसम्मनी, 12 एकड़** में मक्का चारों तरफ खम्बा तार से घीरा हुआ है, सुविधायें - **04 ट्यूबवेल** से खेत के नीचे अंडरग्राउंड सिंचाई पानी हेतु पाईप लाईन लगा हुआ है।

**- सम्पर्क सूत्र -**
**जय श्री महाकाल प्रापर्टी डिलिंग कार्यालय पंडीत चौक कुण्डा रोड सेतगंगा-तालम जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**मो. नं. - 9238210014**

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025,
25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### जिला परामर्शदात्री की बैठक की मांग

कवर्धा। शासकीय कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी द्वारा अतिरिक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में दिलीप चन्द्रवंशी ने बताया कि इस समय जिले के शासकीय कर्मचारी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं और उनकी कई मांगे समस्याओं का समाधान अटका पड़ा है। जिसमें जीपीएफ पार्ट फाइनल, मेडिकल बिल, यात्रा भत्ता बिल, वेतन वृद्धि, समयमान वेतनमान जैसी मांगो का समाधान नहीं हो रहा है। इसके अलावा शासन के नियम विरुद्ध पदोन्नति निरस्त करने, परिवीक्षा अवधि समाप्त करने सहित विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने बैठक आयोजित करना आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कर्मचारी नेता मनीष जॉय, अमित श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### लोस के बजट सत्र में शामिल होने सांसद रवाना

कवर्धा। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय लोकसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं।



यह सत्र दिनांक 10 मार्च से 04 अप्रैल तक आयोजित होगा। इस दौरान सांसद पाण्डेय दिल्ली प्रवास पर रहेंगे। इस बीच शनिवार, रविवार या फिर अन्य अवकाश के दिन सांसद पाण्डेय क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। साथ ही कार्यालय में आमजनों से मुलाकात करेंगे।

### पोर्टल में जारी है श्रमिक पंजीयन कार्य

कवर्धा। केन्द्रीय श्रम व रोजगार मंत्रालय ने श्रमिकों से औपचारिक मान्यता व आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभ प्राप्त करने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील की है। पोर्टल में पंजीयन कार्य लगातार जारी है।

# उपमुख्यमंत्री विजय ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना, बेहतर उपचार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सोमवार की सुबह अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर हेलीकॉप्टर से रायपुर से सीधे कवर्धा पहुंचे। जहां उन्होने अस्पताल पहुंचकर पलानी पाट के समीप हुए सड़क हादसे में घायल मरीजों से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा कवर्धा के अस्पतालों में भर्ती घायलों से मुलाकात करने के बाद सीधे सिघनपुरी (हाथीडोब) भी पहुंचे और इस घटना में आकस्मिक मृत्यु हो चुके पीड़ित परिवारों से मिले। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा हेलिपैड से सीधे चंद्रयान हॉस्पिटल, रेडियंस हॉस्पिटल, डॉ. स्नेहा क्लिनिक और रूपजीवन हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उन्होंने घायल मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की। उन्होंने डॉक्टरों से मरीजों की स्थिति की जानकारी ली और अस्पताल प्रशासन को यह निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। घायलों और उनके परिजनों से चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार उनके साथ खड़ी है और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से यह सुनिश्चित करने को कहा कि मरीजों को समय पर उचित उपचार मिले। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस अवसर पर ग्रामीणों से अपील की कि मालवाहक वाहनों का उपयोग यात्री परिवहन के रूप में ना करें, क्योंकि इससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को प्राथमिकता के आधार पर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल प्रशासन ने उपमुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि घायलों के इलाज में कोई कमी नहीं की जाएगी और चिकित्सकों की पूरी टीम मरीजों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।



### श्री शर्मा ने की घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने आम जनता से भी सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने पीड़ित परिवारो से चर्चा करते हुए कहा कि आपके हर दुख-सुख में आपके साथ पूरी प्रतिबद्धता से साथ में रहूंगा। उल्लेखनीय है कि इस दुर्घटना में कई लोग घायल हुए हैं, इस घटना के जुड़े अब तक तीन लोगों की मृत्यु हो चुकी है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, वीरेन्द्र साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अस्पताल पहुंचकर उपचार करा रहे ग्रामीणों की जानकारी ली।

### हत्या: कवर्धा में दिनदहाड़े हत्या की वारदात को दिया गया अंजाम

# प्रेमी ने उतारा प्रेमिका की मां को मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

घरेलू विवाद के बीच सोमवार की दोपहर जिला मुख्यालय कवर्धा में एक शराबी प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की मां पर लोहे की रॉड से प्राणघातक हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची कवर्धा कोतवाली पुलिस ने जहां घटना स्थल से मृतका का खून से लथपथ शव बरामद कर लिया है वहीं आरोपी को भी हिरासत में ले लिया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित शंकर नगर में गोदना रिसॉर्ट के सामने निवासरत श्रीमती विंध्या बाई छेदावी पति रामजी छेदावी आयु 50 वर्ष काफी पहले अपने पति रामजी छेदावी को छोड़ चुकी थी और वर्तमान में वह राजू वैष्णव के साथ चूड़ी प्रथा विवाह कर रह रही थी। बताया जाता है कि यही कहानी श्रीमती विंध्या बाई छेदावी की पुत्री गायत्री धुर्वे की भी है, वह भी अपने पति मुकेश धुर्वे से विवाद के बाद बीते करीब चार वर्षो से अलग रह रही है। पुलिस की जानकारी के मुताबिक इस बीच गायत्री का संपर्क मोहम्मद कासिम पिता मुनीर खान, निवासी नवाब मोहल्ला, कवर्धा के साथ हुआ और वह उसके साथ ही रहने लगी। लेकिन गायत्री की मां श्रीमती विंध्या बाई छेदावी के पैरालिसिस पीड़ित होने और शारीरिक रूप से असमर्थ होने के कारण बीते कुछ समय से गायत्री और उसका प्रेमी मोहम्मद कासिम भी श्रीमती विंध्या बाई के साथ ही शंकर नगर में गोदना रिसॉर्ट के सामने स्थित उसके मकान में रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक मोहम्मद कासिम आदतन शराबी और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और पूर्व में भी उसके खिलाफ कई मामले थाना में दर्ज है। जिसके चलते उसका श्रीमती विंध्या बाई के साथ अक्सर विवाद होते रहता था। बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर करीब 3.00 बजे भी इन दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और इसी विवाद के बीच शराब के नशे में धुत्त मोहम्मद कासिम ने अपना आपा खोते हुए श्रीमती विंध्या बाई के चेहरे के दाहिने ओर लोहे की रॉड से प्राण घातक प्रहार कर दिया जिससे श्रीमती विंध्या बाई की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के परिजनो ने तत्काल इसकी सूचना कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के घर में खून से लतपथ पड़ी उसकी लाश को बरामद कर लिया वहीं आरोपी मोहम्मद कासिम को भी हिरासत में लेकर अब उससे पूछताछ कर रही है।



### आरोपी आदतन शराबी व अपराधी कई मामले दर्ज



पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहम्मद कासिम उर्फ मक्खी आदतन शराबी और आपराधिक प्रवृत्ति का है उसके खिलाफ थाना में कई मामले पहले से दर्ज है। पुलिस ने इस बात की पुष्टि की है कि आरोपी घटना को अंजाम देने के दौरान भी शराब के नशे में धुत था। बहरहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है वहीं हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड को भी जप्त कर लिया है।

### मामले की गंभीरता को देख पुलिस ने दिखाई तत्परता

पुलिस इस मामले में मृतका की पुत्री के प्रेमी के दूसरे समुदाय से होने के कारण काफी चौकन्नी नजर आ रही है और उसने घटना की सूचना मिलते ही दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर फौरी कार्यवाही करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। माना जा रहा है कि पुलिस की इस तत्परता के कारण आरोपी तत्काल पकड़ में आ गया।

# भाजपा के राज में दम तोड़ रही मनरेगा योजना : चोवाराम साहू

- महिनो से नहीं मिला मनरेगा कर्मचारियों व अधिकारियों को वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



गरीब जरूरतमंद लोगों को सौ दिनो का रोजगार मुहैया कराए जाने के उद्देश्य से 7 सितंबर 2005 को तात्कालिक केन्द्र की यूपीए सरकार द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अब छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के राज में दम तोड़ते नजर आ रही है। आलम ये है कि इस बार के बजट में राज्य सरकार ने न तो इस योजना के लिए कोई प्रावधान किया है और न ही मनरेगा के अधिकारी कर्मचारियों को बीते करीब तीन माह से वेतन का भुगतान ही किया है। जिससे प्रदेश सहित जिले के मनरेगा मजदूरों के साथ मनरेगा के अधिकारी-कर्मचारियों में भारी निराशा देखने को मिल रही है। उक्त बातें कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जारी बयान में कहीं। श्री साहू ने बताया कि कबीरधाम जिले में मनरेगा योजना को व्यवस्थित तथा कारगर ढंग से संचालित करने करीब 400 की संख्या में रोजगार सहायक तथा बड़ी संख्या में दूसरे अधिकारी-कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन इन कर्मचारी व अधिकारियों की माने तो उन्हें बीते दिसम्बर से लेकर जनवरी तथा फरवरी माह का वेतन का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने बताया कि मार्च माह में होली का त्यौहार है लेकिन मनरेगा के कर्मचारी बीते तीन माह से वेतन के लिए परेशान है। इस संबंध में उन्होने कई बार शासन-प्रशासन स्तर पर लिखित मांग की है लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की है। यहां तक की कर्मचारियों की माने तो उन्होंने वर्ष 2024 में भी अपनी ऐसी ही समस्याओं और मांगों को लेकर 1 अप्रैल से कुल 66 दिनो की हड़ताल की थी। शासन द्वारा मनरेगा कर्मचारियों व अधिकारियों को इस हड़ताल अवधि का भी भुगतान अब तक नहीं किया है। श्री चोवाराम साहू ने इन मनरेगा अधिकारी व कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि एक तरफ तो भाजपा की सरकार गांव, गरीब और मजदूरों की बात करती है तो दूसरी तरफ छोटे-छोटे कर्मचारियों व मजदूरों का हक मार रही है, जो निश्चित रूप से मनरेगा के अधिकारी व कर्मचारियों और अल्प मानदेय में गुजारा करने वाले उनके आश्रितों पर अन्याय है। श्री साहू ने शासन से जल्द से जल्द मनरेगा कर्मचारियों का लंबित वेतन तथा हड़ताल अवधि का भुगतान किए जाने

### बजट में मनरेगा योजना के लिए कुछ भी नहीं

छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में मनरेगा कर्मियों के लिए कोई राहत नहीं मिलने से प्रदेशभर में नाराजगी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कार्यरत कर्मचारियों को निराशा ही हाथ लगी है। भाजपा शासन काल में मनरेगा योजना की इस स्थिति को देखते हुए योजना में काम करने वाले लाखों गरीब व जरूरतमंद मजदूरों में भी भय व्याप्त है कि कहीं राज्य की भाजपा सरकार प्रदेश में मनरेगा योजना को निगल न ले।

### नवोदय विद्यालय में ड्रोन एवं यूएवी फ्लाइंग शो का भव्य आयोजन

कवर्धा। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कबीरधाम में अत्याधुनिक ड्रोन एवं मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) फ्लाइंग शो का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को ड्रोन तकनीक की उन्नत क्षमताओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ड्रोन तकनीक की प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. अरुणा राणा थीं, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को विशेष बना दिया। इस शो में 530 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार के ड्रोन मॉडलों का प्रदर्शन देखा, जिनमें फूल गिराने वाला ड्रोन, प्रथम व्यक्ति दृश्य (एफपीवी) ड्रोन, एरोबैटिक स्टंट करने वाला स्पीड ड्रोन, एरोबेटिक्स क्षमताओं से युक्त यूएवी पावर मॉडल एवं गिद्धों के साथ ग्लाइडर ड्रोन शामिल थे। विद्यार्थियों ने इन मॉडलों को कार्यरत देख भविष्य की तकनीक को प्रत्यक्ष रूप से समझा। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया, जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य श्री एन.के. लांजेवार का सहयोग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण रहा। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्था से अंजन जोशी ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे एक शानदार तकनीकी अनुभव बताया। ड्रोन उद्योग में अपने व्यापक अनुभव के साथ डॉ. अरुणा राणा ने विद्यार्थियों से संवाद किया, विशेष रूप से कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं की छात्राओं को ड्रोन तकनीक से जुड़ी संभावनाओं पर जानकारी दी। उन्होंने ड्रोन पायलटिंग, वायुगतिकी (एयरोडायनामिक्स) और यूएवी डिजाइन में करियर के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अरुणा राणा ने प्रौद्योगिकी और अभियांत्रिकी (इंजीनियरिंग) के क्षेत्र में महिलाओं के लिए उपलब्ध अवसरों पर विशेष जोर देते हुए छात्राओं को इस क्षेत्र में करियर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया।

# सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से मिले डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अस्पतालों में घायलों से मुलाकात करने के बाद उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को कबीरधाम जिले के बोड़ला के ग्राम सिंघनपुरी हाथीडोब एवं चिमरा पहुंचकर सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे और अपनी गहरी संवेदन प्रगट की। सड़क हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि भी दी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस घटना को लेकर अपने गहरे दुःख और संवेदना व्यक्त करते हुए दुर्घटना में मृतकों के परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में हम मृतकों के परिवारों के साथ हैं। उन्होंने घायलों के इलाज की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है ताकि उन्हें जल्द से जल्द स्वस्थ किया जा सके। इस अवसर पर राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, गुलाब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित थे। गौरतलब है कि पिछले दिनों कवर्धा के सरोधा डैम पलानी पाट के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 3 लोग के निधन हो गए थे, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस हादसे के बाद जिला प्रशासन को घायलों के इलाज की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। आज सुबह अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच श्री शर्मा ने रायपुर से सीधे कवर्धा अस्पताल का दौरा किया और हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल में घायल व्यक्तियों के इलाज की स्थिति का जायजा लिया और इलाज में कोई भी कमी न हो, इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए।



# खंड शिक्षा अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

सोमवार को छत्तीसगढ़ शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वी व 12 की बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल परीक्षा-2025 का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में विज्ञान विषय बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण सहायक विकास खंड शिक्षा दल क्रमांक 02 द्वारा निरीक्षण किया।

परीक्षा के दौरान रामचंद्र साहू सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक अर्जुन चंद्रवंशी, श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, श्रीमती उमा पाठक द्वारा परीक्षा कक्षा में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई, परीक्षा केंद्र में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन और पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता की गई थी। निरीक्षण दल द्वारा बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी प्रपत्रों और पंजियों का समुचित संधारण पाया गया। केंद्राध्यक्ष श्री पैकरा द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु कीट की व्यवस्था किया गया है

अवगत हो कि पूर्व में संभागीय शिक्षा कार्यालय दुर्ग से आरएल ठाकुर और जिला शिक्षा कार्यालय से उनके दल द्वारा निरीक्षण किया गया।

### महिलाओं को बताए गए अधिकार, दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी

# शिखर युवा मंच ने बोड़ला के वनांचल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शिखर युवा मंच द्वारा ग्राम पंचायत बोदा-3 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव एवं सचिव धनंजय अनुपम के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना, अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट करने और उपस्थित लोगों को गुलाल लगाकर सम्मानित करने से हुई। शिखर युवा मंच के संतोष साकत ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए नारी शक्ति जिंदाबाद और हम सब एक हैं जैसे नारों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला सशक्तिकरण पर संवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ उनके कौशल विकास और सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रेरक विचार साझा किए। महिला समूहों और सक्रिय महिलाओं ने अपनी उपलब्धियों को साझा किया और अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। इस उत्कृष्ट कार्य हेतु शिखर युवा मंच ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान को सराहा और सम्मानित किया। शिखर युवा मंच के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। प्रमुख उपस्थित महिलाओं में मितानिन ट्रेनर उर्मिला साकत, आशा कार्यकर्ता मानकुमारी धुर्वे, उप सरपंच जानकी धुर्वे, पूर्व सरपंच श्यामबती मेरावी, पंच रुकशाना बेगम, महिला स्वयं सहायता समूह अध्यक्ष देवकली मेरावी, लीलाबाई, सरस्वती बाई, इंदकुंवर, यामिनी, सचिव गनेशिया धुर्वे, सोहगी मेरावी, पुनईया बाई, मैकुल मेरावी, कृषि मित्र धनमती मेरावी और पशु सखी ललिता मेरावी एवं मानसी धुर्वे शामिल रहीं। इसके अलावा, शिखर युवा मंच से संतोष साकत, विष्णु मेरावी, शत्रुहन मेरावी, कमलेसिन मसकोले, ममता धुर्वे तथा सहयोगी के रूप में संजू मसकोले और राजकुमार धुर्वे ने भी अपनी भूमिका निभाई।




# गुरूकुल के छात्रों ने सिल्वर जोन ओलम्पियाड में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सिल्वर जोन ओलम्पियाड के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता में अधिकांश शालाओं के छात्र, छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता निभाकर उत्कृष्टता हासिल करने का भागीरथ प्रयास किए। गुरुकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त कर शाला परिवार को कबीरधाम जिले में गौरवान्वित किए जिसमें ओजस्वित मरकाम, शौर्य चंद्रवंशी, आराध्या सिंह राजपूत, अदिति महोबिया, वासु दुबे, देवस्मिता साहू, ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए एवं अभिनव सिंह, सौम्या देवांगन रजत पदक, प्राप्त कर पूरे राज्य में कबीरधाम जिलें का नाम रौशन किए। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारीगण तथा शाला के प्रभारी प्राचार्य ने पूरे विद्यालय परिवार को बधाइयां व हार्दिक शुभकामनाएं दी।



## खबर संक्षेप

### कंझेटा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में पहली बार जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनने के बाद ग्राम कंझेटा पहुंचने पर कैलाश चंद्रवंशी का जगह-जगह भव्य फूल-माला गाजे बाजे व रंग-गुलाल से ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया गया। ग्राम कंझेटा पहुंचने पर श्री चंद्रवंशी ने अपने माता-पिता से आशीर्वाद प्राप्त किया वहीं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। श्री चंद्रवंशी के जिला पंचायत चुनाव जीतने के बाद कंझेटा सहित आसपास क्षेत्र में भारी खुशी का माहौल है साथ ही साथ गांव, नगर व क्षेत्र का नाम रौशन किया उन्होने कहा कि क्षेत्र के साथ-साथ पूरे कबीरधाम जिला में विकास को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन व जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित सरपंच-पंच ने क्षेत्रीय विधायक से की सौजन्य मुलाकात



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली के नवनिर्वाचित सरपंच कपिल चंद्राकर व ग्राम पंचायत भगतपुर-धनेली के पंचों ने क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के निज-निवास पर पहुंचकर सौजन्य भेंट-मुलाकात किया गया। इस दौरान सरपंच कपिल चंद्राकर, पंच दिलीप चंद्रवंशी, उमेद चंद्रवंशी, निरंजन साहू, सुरेश चंद्रवंशी, सुरेश दुबे, दिनेश चंद्रवंशी, रामप्रसाद चंद्रवंशी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें, इस भेंट-मुलाकात के दौरान विधायक के साथ परिचर्चा करते हुए क्षेत्र के विकास की बात तथा अन्य विकास कार्ये में चर्चा हुई।

### ग्रापं बरबसपुर में उप-सरपंच चुनाव प्रमिला मुंगेश कोशले रही विजयी



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर में पंचायती राज की चुनाव के बाद सरपंच व पंच जीतने के बाद उपसरपंच की प्रत्याशी बनने के लिए ग्राम पंचायत बरबसपुर में कांटे जैसा टक्कर रहा। जिसमें श्रीमती प्रमिला मुंगेश कोसले 10 वोट से उपसरपंच पद के लिए नियुक्त किया। वही निकट प्रतिद्वंदी को 9 वोट से संतुष्ट होना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायती राज चुनाव में एक वोट से जीत-हार हुई इसलिए पंचायती राज के चुनाव में एक वोट का महत्व होता है और एक वोट से जीत-हार होती है। जिस पर श्रीमती प्रमिला मुंगेश कोशले को उप-सरपंच निर्वाचित होने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य गाजे बाजे व रंग-गुलाल तथा फूल माला से स्वागत किया। वहीं ग्रामीणों में भारी खुशी व उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### ग्रापं सूरजपुरा कला में दशरथ चंद्राकर उपसरपंच निर्वाचित, ग्रामीणों में उत्साह



**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पंचायत सूरजपुरा कला में ग्रामीणों व पंचों ने पंच दशरथ चंद्राकर को उपसरपंच के रूप में चुना गया, वहीं उप-सरपंच की कार्यभार व प्रशस्ति पत्र मिलने पर ग्रामीणों में भारी हर्ष का माहौल बना हुआ है। ग्राम पंचायत सूरजपूरा कला निर्वाचित सरपंच श्रीमती रानी मरावी ने कहा कि ग्राम पंचायत निश्चित ही निष्पक्ष और गांव के लोगों के हित में कार्य करने में प्रतिनिधि सक्षम है और उपसरपंच के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सूरजपुरा कला विकास की ओर अग्रसर होगा। उपसरपंच दशरथ चंद्राकर ने कहा कि सरपंच श्रीमती रानी मरावी एवं पंचगणों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत सूरजपुरा कला में विकास कार्यों को गति देंगे एवं विकास की नई गाथा लिखेंगे। उपसरपंच नियुक्त होने पर दशरथ चंद्राकर का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सरपंच श्रीमती रानी मरावी, पंचगण श्रीमती उर्वशी बरेठ, श्रीमती अनीता चंद्राकर, श्रीमती भुनेश्वरी चंद्राकर, श्रीमती लक्ष्मी अनंत, शिवचरण साहू, सुखदेव साहू, तीजाउ साहू, प्रीति साहू, सचिव कुमार मनहर सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### हथमुडी में गायत्री बालमुकुंद चंद्रवंशी निर्विरोध उपसरपंच पद पर हुए निर्वाचित



**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत हथमुंडी में सरपंच एवं पंचों ने श्रीमती गायत्री बालमुकुंद चंद्रवंशी को निर्विरोध उपसरपंच चुन लिया गया। शनिवार को उपसरपंच का चुनाव निर्वाचित का तिथि तय था जहां आपसी सामंजस्य में वार्ड क्र 06 से निर्विरोध निर्वाचित पंच श्रीमती गायत्री बालमुकुंद चंद्रवंशी को निर्विरोध उपसरपंच चुन लिया गया। श्रीमती गायत्री चंद्रवंशी पूर्व में दो बार लगातार सरपंच रह चुकी वहीं पीठासीन अधिकारी एवं सरपंच भास्कर सचिव दुलारी साहू ने प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर सरपंच सचिव रोजगार सहायक पंच-सरपंच एवं ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## वनांचल की महिलाओं में दिखा उत्साह

# महिला दिवस : महिला मोर्चा ने किया मातृशक्ति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मी, बुजुर्ग महिलाएं और स्वच्छता दीदीयों को सम्मानित किया गया। अंबागढ़ के सारस्वत भवन में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि जिला भाजपा व जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, पूर्व विधायक संजीव शाह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू मौजूद रही। अतिथियों को महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारस्वत व पदाधिकारियों द्वारा भगवान राधाकृष्ण का चित्र भेंट किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं जुटी। अतिथियों ने उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। आयोजन को लेकर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश सारस्वत ने बताया कि मातृ शक्तियों को प्रोत्साहित किए जाने के लिए यह विशेष अवसर है। बदलते दौर में महिलाओं ने अपने कंधों पर बड़ी जिम्मेदारियां ली है और उसे पूरी प्रतिबद्धता से निभा रही है।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, जिपं सदस्य नेहरू रजक, रेखा कोठारी, गुलाब गोस्वामी, राजेश सिंघी, पवन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, मोहन जैन, उमाकांत बाजपेयी, संगीता मिश्रा, गौरीशंकर यादव, चंदन उपाध्याय, अवधेश त्रिपाठी कुंभकार, उषा यादव, कविता यादव, कुंजलता हरमुख, कल्पना नंदा मेश्राम, रेखा गोस्वामी, लक्ष्मी, पायल, सीमा तीजन, योगमाया साहू, चेतना शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।



### महिलाएं ही समाज निर्माण की नींव

एमएमएसी जिला पंचायत व भाजपा अध्यक्ष नम्रता सिंह ने कहा कि आप विकासशील और सभ्य समाज के निर्माण की नींव हैं। भाजपा की विचारधारा महिलाओं को आगे लाने की रही है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण मैं स्वयं भी हूं। पूर्व विधायक संजीव शाह ने कहा कि हमारी संस्कृति में मातृ शक्तियों का सम्मान सबसे ऊंचा है। आप सभी को प्रणाम करता हूं और निरंतर प्रगति की कामना करता हूं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू ने कहा कि आज महिलाएं परस्पर पुरूषों से कंधों से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। भाजपा ने उनकी चिंता की है। महतारी वंदन योजना से लाखों महिलाएं लाभान्वित हो रही है। महिला समूहों को रोजगार देने की दिशा में सरकार प्रभावी पहल कर रही है।



# शिकवा-शिकायत के बाद के बदला गया खराब ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

एक ओर शासन प्रशासन बेहतर विद्युत आपूर्ति का दावा कर रही है तो दूसरी ओर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति का हाल-बेहाल है। विकासखंड पंडरिया के कुआमालगी में बीते 15 दिनों से 25 केवी का ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिस पर ग्रामीणों द्वारा शिकवा शिकायत के बाद खराब हो चुकी ट्रांसफार्मर को बदली गई। ग्रामीणों ने बताया कि 15 दिनो से क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से बिजली सप्लाई नहीं हो पा रही है। इसके कारण ओवर लोड़िंग साथ ही बिजली बार-बार ट्रिप कर जा रही है। हालत यह है कि उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिलने से ग्राम कुआंमालगी के रहवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा कई बार ग्रामीणो के शिकवा शिकायत को संज्ञान में लेते हुए विद्युत विभाग द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिस पर ग्रामीणों व रहवासियो ने राहत की सांस ली है।

### पीजी कॉलेज में लिम्फेटिक फिलियरसिस उन्मूलन हेतु चलाया गया जागरुकता कार्यक्रम

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के अग्रणी महाविद्यालय आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बॉयोटेक्नोलॉजी व जूलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वधान में लिम्फेटिक फिलियरसिस (हाथीपाव) के उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में बायोटेक्नोलॉजी एवं जूलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जिसमे उन्होंने जन जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्यो के बारे में प्रकाश डाला। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा द्वारा उद्बोधन में उन्होंने लिंफैटिक फिलेरियस को जड़ से खत्म करने की बात कही और इस बीमारी के बारे में और लोगो के बीच व्यापक जागरुकता लाने की बात कही। इस कार्यक्रम में स्रोत वक्ता के रूप में राजमाता विंध्यराजे शासकीय कन्या महाविद्यालय कवर्धा असित कुमार मिश्रा को आमंत्रित किया गया था। इन्होंने लिंफेटिक फिलियरसिस के बारे में विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राओं व महाविद्यालयीन स्टाफ को प्रदान किया। इस कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता श्रीमती सिम्मी ठाकुर, उमेश राजपूत व महाविद्यालयीन शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी आयोजित



**हरिभूमि कुण्डा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष परषोत्तम निर्मलकर, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी सदस्य रोहित रजक, निलेश गुप्ता, कुण्डा पुलिस थाना की महिला आरक्षक सुश्री नुमिता साहू, समाज सेविका साजन सारथी उपस्थित थें। नुमिता साहू ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा अभिव्यक्ति ऐप महिलाओं की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा बनाया गया ऐप है, इस ऐप के जरिए महिलाएं किसी भी समय शिकायत दर्ज करवा सकती है साथ ही साथ आपातकाल की स्थिति में इस ऐप से सीधे 112 पर कॉल किया जा सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक डॉ अंकेश तिवारी, केशव प्रसाद जायसवाल, झगर कुमार साहू, आकांक्षा श्रीवास, नंदनी साहू, पूर्णिमा साहू, गुलाबा धृतलहरे, दिव्या भारती, धरम दिवाकर, जीजी सोनवानी और रामचंद्र कुंभकार, अंजू रजक, सौरभ धावलकर उपस्थित थें। कार्यक्रम का सफल संचालन केशव प्रसाद जायसवाल और आभार प्रदर्शन झगर कुमार साहू ने व्यक्त किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संस्कृति महिला ग्रुप ने महिला सम्मान समारोह का किया भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नगर की संस्कृति महिला ग्रुप पंडरिया द्वारा महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन लोरमी रोड स्थित सामुदायिक भवन में कार्यक्रम के शुभारंभ में हमारी संस्कृति के अनुरूप मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे, विशिष्ट अतिथि श्रीमती नंदनी साहू, सुश्री नेहा उके, श्रीमती विजया कैवर्त, श्रीमती श्वेता दीवान, श्रीमती अंजू शर्मा, श्रीमती प्रभा देवांगन, सुश्री अंजली चंद्रवंशी, सुश्री गीता सोनी, सुश्री गुलशन शाह, सहित नवनिर्वाचित महिला पार्षद एवं नगर की अन्य महिलाएं उपस्थित थें। इसके पश्चात ग्रुप के सदस्यों ने अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर और ग्रुप की बच्चियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ऐसिड अटैक व भ्रुण हत्या पर हृदयस्पर्शी नृत्य प्रस्तुत किया गया। ग्रुप की महिलाओं द्वारा कार्यक्रम के दौरान अनेक गीत, कविता, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम एवं मनोरंजक खेल कराए गए। नगर पालिका परिषद पंडरिया द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु एमयू गाड़ी लगाई गई थी साथ ही महिला थाना कवर्धा की एएसआई श्रीमती विजया कैवर्त द्वारा महिला सुरक्षा, महिला क्राइम की जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शैल बिसेन ने किया और बताया कि संस्कृति ग्रुप का मुख्य उद्देश्य अपने संस्कृति, परंपरा और सद्भावना का संदेश महिलाओं और बच्चों तक पहुंचाकर उन्हें प्रेरित एवं जागरूक करना है। संस्कृति ग्रुप द्वारा विधायक से पंडरिया नगर में छोटे बच्चों व बुजुर्गों को ध्यान में रखते हुए एक सुंदर व व्यवस्थित गार्डन बनाए जाने अपील की गई जिसके लिए श्रीमती भावना बोहरा ने सकारात्मक इच्छा जाहिर करते हुए पूर्ण आश्वाशन दिया। उन्होने कहा कि आज की महिलाएं सभी क्षेत्र में निरंतर अपना नाम रौशन कर रही है और अपनी सभी जिम्मेदारियों को भी बखुबी निभा रही हैं। जो हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने संस्कृति महिला ग्रुप के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रुप के द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। ग्रुप की सक्रिय सदस्य श्रीमती योगेश्वरी राजपूत ने सभी अतिथियों के सम्मान में रचित अपनी रचनाओं का वाचन किया एवं श्रीमती उर्वशी चंद्रवंशी ने एक बहुत सुंदर नारी के सम्मान में कविता का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक को तुलसी का पौधा व स्मृति चिन्ह भेंट की गई एवं सभी अतिथियों को संस्कृति महिला ग्रुप के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। संस्कृति महिला ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह ठाकुर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# वुमनिया-25 महिला सम्मान से सम्मानित हुई शिक्षिका शैल



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 8 मार्च को लावण्या फाउंडेशन के द्वारा निरंजन धर्मशाला वीआईपी रोड रायपुर में वूमनिया-25 महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न जिलों से अपने- अपने क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाली 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें जिले से श्रीमती शैल बिसेन को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं समाज सेवी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। श्रीमती शैल बिसेन वर्तमान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पंडरिया में अंग्रेजी विषय की व्याख्याता के रूप में कार्यरत है, इन्होंने अपने 27 वर्षो के शिक्षकीय अनुभव से छात्राओं में शैक्षणिक गुणवत्ता हेतु मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन देती आ रही है। इनके द्वारा विगत कई वर्षों से रक्तदान, वस्त्रदान, वृक्षारोपण जैसे समाज सेवी कार्य निरन्तर किया जा रहा है समाज व संस्था में महिला के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता हेतु प्रयासरत है। विविध आयोजनों के द्वारा महिलाओं, बच्चों और छात्राओं को सांस्कृतिक साहित्यिक एवं कला के क्षेत्र में प्रोत्साहित कर उनकी प्रतिभाओं को निखारने का उत्कृष्ट कार्य भी इनके द्वारा किया जा रहा है। लावण्या फॉउडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, धरसीवां विधायक अनुज शर्मा एवं रायपुर की मेयर श्रीमती मीनल चौबे उपस्थित थे।

## खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए आवश्यक बीज की मात्रा, किन-किन श्रेणी की एवं कितनी निर्धारित की गई है?

# विधायक ने विधानसभा में किसानों को प्रमाणिक बीज की मांग एवं आपूर्ति और कृषि विभाग द्वारा निर्मित तालाबों के निर्माण के संबंध में किया प्रश्न?

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने सोमवार को विधानसभा में किसानों के हित में प्रश्न करते हुए बीज व खाद वितरण को समयबद्ध तरीके से करने और उनके ट्रासंपोर्ट में हो रहे विलंब, बीज प्रमाणीकरण व बाजार में बेचे जा रहे अमानक बीज की बिक्री के संबंध में प्रश्न पूछा? इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग द्वारा पंडरिया विधानसभा अंतर्गत निर्मित तालाबों के संबंध में भी प्रश्न किया।

श्रीमती बोहरा ने प्रश्न किया कि क्या? आदिम जाति विकास मंत्री पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए आवश्यक बीज की मात्रा किन-किन श्रेणी की एवं कितनी निर्धारित की गई है? निर्धारित मात्रा के विरुद्ध कितनी मात्रा में बीज का भंडारण किया गया है? क्या कृषकों को बीज वितरण पूर्व बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा भंडारित बीज का प्रमाणीकरण का प्रमाण पत्र दिया गया था ? यदि हां, तो संस्था द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाने के बाद कितनी मात्रा में बीज अमानक पाए गए? वितरित अमानक बीज से प्रभावित कृषकों को क्या लाभ दिया गया? कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखण्ड कवर्धा में प्रमाणिक बीज की मांग 1760.60 क्विंटल है जिसकी भण्डारण मात्रा 1470.70 क्विंटल, सहसपुर लोहारा में 2212.80 क्विंटल प्रमाणिक बीज की मांग है और 2197.80 क्विंटल भंडारित की गई है एवं पंण्डरिया विकासखण्ड हेतु खरीफ 2024-25 में प्रमाणित श्रेणी के बीजों की मांग 812.50 क्विंटल है और 1024.30 क्विंटल भंडारित की गई है। बीज क्रेता कृषक को बीज वितरण-क्रय से पूर्व भण्डारित बीज का बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जाना प्रावधानित नही है, अपितु विक्रय-वितरण हेतु भण्डारित प्रमाणित श्रेणी के बीज की बोरियों में नीले रंग के टैग का प्रावधान है, जो बीज प्रमाणीकरण का प्रमाण होता है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखखण्ड में बीजों के गुण नियंत्रण हेतु भण्डारण केन्द्रों से नमूने परीक्षण हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किए गए, विश्लेषण उपरांत सभी नमूने मानक स्तर के पाए गए हैं और अमानक बीजों की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

उन्होने बीज वितरण केन्द्रों में किसानों की सुविधा और बीज का वितरण सही समय पर करने के संबंध में अपनी बात रखते हुए कहा कि बीज परिवहन में ढिलाई होने की वजह से बीज वितरण केन्द्रों तक बीज समय पर नहीं पहुंच पाते हैं इससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ऐसे में यदि खाद व बीज का परिवहन साथ में किया जाए तो किसानों को समय पर बीज उपलब्ध होगा। इसके साथ ही उन्होंने बीज वितरण केन्द्रों में किसानों की सुविधा, पेयजल व्यवस्था, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था के संबंध में भी प्रश्न किया। जिसका उत्तर देते हुए कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों को खाद बीज तय समय पर मिल सके इसके लिए समय-समय पर ट्रासंपोर्ट सिस्टम को सुदृढ़ किया जा रही है इसके साथ ही किसानों को बीज का वितरण सहकारिता विभाग के सुविधा केन्द्रों के माध्यम से होती है इसलिए सहकारिता विभाग से किसानों की सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी चर्चा की जाएगी।

### नई किस्मों के बीज उत्पादन से किसानों को लाभ मिलेगा: भावना

भावना बोहरा ने किसानों की सुविधा को देखते हुए जुलाई माह के पहले संभव हो सके तो बीज वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निवेदन भी किया और सोयाबीन की खेती कम होने के संबंध में प्रश्न करते हुए कहा कि विगत 20 वर्षों से किसानों को सोयाबीन के जेएस 325 और 9560 बीज का ही वितरण किया जा रहा है जो की वायरस ग्रसित है इस वजह से सोयाबीन की खेती में कमी आई है वहीं चांवल में भी केवल एचएमटी व सरना बीजों का ही वितरण किया जा रहा है, कोई नई किस्म का बीज उत्पादन नहीं किया जा रहा है। इसलिए अत्यंत आवश्यक है कि 20 वर्ष पुरानी पद्धति के बीजों से किसानों को पर्याप्त असल उत्पादन नहीं कर पा रहें हैं और नई किस्मों के बीज उत्पादन से किसानों को लाभ मिलेगा। वहीं निजी क्षेत्रों में नई किस्मों के नाम पर अमानक बीजों का 16 से 17 हजार रुपए की दर से बीज बेचीं जा रही है इसलिए किसान मजबूर हो रहें हैं उन बीजों को खरीदने में इस समस्या का हल निकालने के लिए भी उन्होंने सदन के समक्ष अपने विचार रखे। जिसका और देते हुए कृषि मंत्री ने बताया कि बीज निगम द्वारा प्रमाणिक बीजों का वितरण किया जा रहा है, निजी क्षेत्रों में अमानक व डुप्लीकेट बीज बेचे जाना अपराध की श्रेणी में आता है इसलिए जानकारी मिलने पर समय-समय पर कर्यवाही की जा रही है। वहीं अब प्रमाणिक बीजों के वितरण हेतु उसमें क्यू-आर कोड का उपयोग करने जा रहे है जिसमें उसकी पैकेजिंग, गुणवत्ता और प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र भी किसान देख सकते हैं।


समस्त क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाओं के साथ
सरल, सहज, मिलनसार, मृदुभाषी लोकप्रिय विधायक
श्रीमती यशोदा नीलाम्बर वर्मा जी
MARCH
11
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Happy Birthday
मान. गिरिराज किशोर दास
वरिष्ठ कांग्रेस नेता
मान. देवराज किशोर दास
विधायक प्रतिनिधि, न.पं. छुईखदान
मान. नम्रता गिरिराज वैष्णव
अध्यक्ष, न.पं. छुईखदान
मान. यशोदा नीलाम्बर वर्मा
विधायक, खैरागढ़
गजेन्द्र ठाकरे
मोतीलाल जंघेल
गिरवर जंघेल
रामकुमार पटेल
निर्मला वर्मा
संजय महोबिया
मनोज चौबे
हेमंत वैष्णव
संजीव दुबे
सज्जाक खान
सुदीप श्रीवास्तव
अनुराग सोनी
अनिमेष महोबिया
कमलेश यादव
तीन वर्षो में किये गये विकास कार्य
01. खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला निर्माण, 02. जिला चिकित्सालय की स्वीकृति 38 करोड रू,, 03. छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा में 50-50 बिस्तर अस्पताल की स्वीकृति, 04. खैरागढ़ कन्या महाविद्यालय एवं जालबांधा व बाजार अतरिया में महाविद्यालय की स्वीकृति, 05. छुईखदान में कृषि महाविद्यालय भवन की स्वीकृति, 06. छुईखदान बुनकर सोसायटी भवन का निर्माण, 07. ग्राम बीरूटोला में हाईटेक नर्सरी का निर्माण, 08. गंडई में हाईटेक सब्जी मंडी का निर्माण - लगभग 12 करोड़ रू., 09. गंडई में पटेल समाज हेतु सामुदायिक भवन- 50 लाख रू. की स्वीकृति, 10. सोनेसरार खैरागढ़ आई.टी.आई. भवन निर्माण, 11. ग्राम देवारीभाठ में प्रशिक्षण भवन निर्माण लगभग 2 करोड रू., 12. सिद्ध बाबा जलाशय एवं नहर नाली लाईनिंग कार्य, 13. सुरही नाला, पिपरिया नाला, लमती नाला, सुखा नाला आदि में नहर लाईनिंग कार्य लगभग 600 करोड रू., 14. पेयजल हेतु जल जीवन मिशन के तहत विभिन्न ग्रामों में पानी टंकी एवं पाईप लाईन विस्तार, 15. ग्राम आमाघाट कादा, केशला, खपरीकलार, पिपरिया में उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण कार्य, 16. ग्राम अमलीडीह, अकरजन, लालपुर, गोकना, भुरभुसी में स्टॉप डेम कम रपटा निर्माण कार्य, 17. 25 बड़े ग्रामों में हाई मास्क सौर ऊर्जा लाईट का स्थापना लगभग 2 करोड रू, 18. 20 साहू बाहुल्य ग्रामों में माँ कर्मा माता चबुतरा निर्माण कार्य, 19. 20 लोधी बाहुल्य ग्रामों में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति स्थापना, 20. 20 सतनामी बाहुल्य ग्रामों में जैतखाम एवं सौन्दर्यकरण कार्य, 21. 35 बड़े ग्राम पंचायतों में पेयजल हेतु पानी टैण्कर की सुविधा, 22. विभिन्न ग्रामों में समुदायिक भवन, सी. सी. रोड़ की स्वीकृति, 23. खैरागढ़ नगर में साहू समाज, लोधी समाज, राजपूत समाज, देवांगन समाज हेतु सामुदायिक भवन एवं पेंशनर भवन व रूखखड़ बाबा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 75 लाख रू., 24. क्षेत्र के बड़े बाजारों- बुंदेली, बाजार अतरिया, बिजलदेही, सोनभट्ठा, भावे में बाजार सेड निर्माण कार्य, 25. क्षेत्र के 7 ग्रामों- वीरूटोला, गोपालपुर, भोथली, सीताडबरी, सुखरी, ठाकुरटोला, मोहगांव में नवीन धान खरीदी केन्द्र खुलवाया.
प्रकाश महोबिया
पार्षद
मनीष कोचर
पार्षद
चन्द्रेश कुंभकार
पार्षद
प्रेमसिंह पाल
पार्षद
संजू नेताम
पार्षद
रूपबाला महोबिया
पार्षद
शैव्या वैष्णव
पार्षद
निधि तिवारी
पार्षद
सौजन्य : देवराज किशोरदास, विधायक प्रतिनिधि, नगर पंचायत छुईखदान